CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 189 | राजनांदगांव, गुरूवार 28 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# फ्री राशन पर सरकार करने जा रही बड़ा बदलाव, पीडीएस को आधुनिक बनाने के लिए मंजूर किए 25530 करोड़ रुपये, फर्जी कार्ड पर हथौड़ा

नई दिल्ली। देश के 81.35 करोड़ गरीबों तक समय पर और पूरी मात्रा में राशन पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में बड़ा बदलाव करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नई 'सार्थक-पीडीएस' योजना को मंजूरी दी है।

इसपर पांच वर्षों में 25,530 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से राशन वितरण अधिक पारदर्शी, तेज और भरोसेमंद बनेगा तथा गरीबों तक सही मात्रा में अनाज पहुंच सकेगा। माना जा रहा है कि यदि राज्यों में इसे सही तरीके से लागू किया गया तो राशन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी।

### कालाबाजारी पर लगेगी लगाम

कालाबाजारी और फर्जी राशन कार्डों पर रोक लगेगी तथा गरीबों को उनका पूरा हक मिलेगा। सरकार भी इसे गरीबों के लिए अधिक भरोसेमंद और आधुनिक राशन व्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा कदम मान रही है। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नई व्यवस्था का उद्देश्य राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया को एक ही डिजिटल सिस्टम से जोड़ना है।



एफसीआई के गोदाम से लेकर अंतिम राशन दुकान और लाभार्थी तक हर चरण की निगरानी एकीकृत तरीके से हो सकेगी। इससे पता लगाना आसान होगा कि किस राज्य में कितना अनाज पहुंचा है। किस दुकान पर कितना वितरण हुआ और कहां गड़बड़ी की आशंका है। अभी राशन व्यवस्था दो अलग-अलग योजनाओं के जरिए चल रही है। पहली योजना में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से अनाज उठाकर राज्यों को जिलों, ब्लाकों और राशन दुकानों तक पहुंचाने के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। इसी में उचित मूल्य दुकानदारों का कमीशन भी शामिल है। दूसरी योजना में स्मार्ट पीडीएस के जरिए राशन व्यवस्था को डिजिटल और तकनीक आधारित बनाया जा रहा है।

### 31 मार्च 2031 तक लागू

सरकार का मानना है कि अलग-अलग योजनाओं में काम होने से समन्वय और निगरानी में दिक्कत आती है। कई राज्यों में व्यवस्था अलग तरीके से चल रही है। इससे वितरण प्रणाली में एकरूपता नहीं बन पा रही। अब सरकार ने दोनों योजनाओं को मिलाकर एक नई एकीकृत व्यवस्था बनाई है, जिसका नाम 'सार्थक-पीडीएस' रखा गया है। यह योजना 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगी। अब राशन व्यवस्था में एआई, मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और ब्लाकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा। अब सिस्टम खुद पहचान सकेगा कि कहां वितरण धीमा है, कहां अनाज की चोरी हो रही है या कहां फर्जीवाड़े की आशंका है।

### रियल टाइम मानिटरिंग सिस्टम

इससे समय रहते कार्रवाई करना आसान होगा। रियल टाइम मानिटरिंग सिस्टम भी तैयार किया जाएगा। राज्यों में कमांड एवं कंट्रोल सेंटर बनाए जाएंगे, जहां पूरे पीडीएस नेटवर्क पर नजर रखी जाएगी। शिकायतों का समाधान एआई आधारित सिस्टम से होगा। नई व्यवस्था में राशन दुकानदारों और राज्यों को भी राहत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईरान बोला- अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू होगी; अमेरिका ने फर्जी बताया

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।




ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। दूसरी तरफ अमेरिका ने इस रिपोर्ट को फर्जी बताया है। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा कि ईरानी मीडिया में चल रही रिपोर्ट पूरी तरह झूठ और मनगढ़ंत है।

### ट्रम्प बोले- अभी ईरान डील से संतुष्ट नहीं

ट्रम्प ने कहा है कि वह फिलहाल ईरान के साथ संभावित समझौते से संतुष्ट नहीं हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरानी नेतृत्व बहुत ज्यादा डील करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो हमें काम पूरा करना होगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरानी नेता समझौता करना चाहते हैं, लेकिन अब तक बातचीत किसी अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। व्हाइट हाउस की असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी ओलिविया वेल्स ने मीडिया से बातचीत में बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि किसी भी समझौते में ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे।

# बहुसंख्यक सांप्रदायिकता ज्यादा खतरनाक, दिग्विजय सिंह के बयान पर भड़की बीजेपी

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता से कहीं ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यक सांप्रदायिकता होती है। भोपाल में बुधवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बयान दिया, जिसके बाद राजनीति गरमा गई है।



**कहा- यह हिंदू समाज का अपमान**

### नेहरू के विचारों का हवाला देकर कही यह बात

नेहरू के विचारों का हवाला देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू मानते थे कि सांप्रदायिकता समाज में नफरत फैलाती है। उन्होंने आगे कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग की सांप्रदायिकता से ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यक सांप्रदायिकता होती है और आज देश के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है।

### भाजपा ने बताया हिंदू समाज का अपमान और ओछी मानसिकता

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा सहित अन्य नेताओं ने इसे हिंदू समाज का अपमान और कांग्रेस की ओछी मानसिकता करार दिया है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस हमेशा बहुसंख्यक समाज को निशाना बनाती है। कांग्रेस पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेता का बचाव किया है। कांग्रेस प्रवक्ताओं का कहना है कि दिग्विजय सिंह ने केवल वही बात दोहराई है

# इबोला की भारत में दस्तक: अहमदाबाद में कांगो के कारोबारी समेत चार लोग आइसोलेशन में

गांधीनगर। अहमदाबाद में स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन बड़ा कदम उठाते हुए कांगो से आए एक कारोबारी और उसके संपर्क में आए तीन अन्य लोगों को अहमदाबाद के अलग-अलग अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। सभी के सैंपल जांच के लिए पुणे भेजे गए हैं, जिससे देश में इबोला वायरस के संभावित खतरे को लेकर चिंता बढ़ गई है। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, यह कार्रवाई पूरी तरह सावधानी के तौर पर की गई है और फिलहाल किसी भी संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य विभाग ने मामले पर कड़ी नजर रखते हुए सभी जरूरी प्रोटोकॉल लागू कर दिए हैं, ताकि किसी भी संभावित जोखिम को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।



**जांच के लिए भेजे गए सैंपल**

### मुंबई से वडोदरा पहुंचा था कारोबारी

स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, 37 वर्षीय कारोबारी करीब पांच से सात दिन पहले कांगो से मुंबई पहुंचा था। इसके बाद वह वडोदरा गया। उन्होंने बताया कि कारोबारी को बुखार आने के बाद वडोदरा के बैंकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद सिविल अस्पताल के इबोला वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। मंत्री ने कहा कि भर्ती कारोबारी की हालत फिलहाल स्थिर है और उसका तापमान नियंत्रण में है। साथ ही उसके संपर्क में आए लोगों में अभी तक कोई लक्षण दिखाई नहीं दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सभी लोगों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीजेपी विधायक ने नायब तहसीलदार को पीटा, कपड़े फाड़े: एमएलए की बहन का आरोप- साइन के लिए घुमा रहे अफसर

अंबिकापुर। सरगुजा जिले के राजापुर उप तहसील में बुधवार को हुए विवाद ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो और उनके समर्थकों पर राजापुर उप तहसील के नायब तहसीलदार तुषार मणिक के साथ मारपीट करने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगा है। बीच-बचाव करने पहुंचे सीतापुर एसडीएम फागेश सिन्हा के साथ भी अभद्र व्यवहार किए जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद राजस्व अधिकारियों में नाराजगी है।



### चचेरी बहन की नो ड्यूज फाइल को लेकर शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत विधायक रामकुमार टोप्पो की चचेरी बहन की एक नो ड्यूज फाइल को लेकर हुई। बताया गया कि उन्होंने 14 मई को तहसील कार्यालय में फाइल जमा की थी। आरोप है कि फाइल पूरी होने के बावजूद नायब तहसीलदार तुषार मणिक द्वारा हस्ताक्षर करने में लगातार विलंब किया जा रहा था। बुधवार को उन्हें फोन कर कार्यालय बुलाया गया था, जिससे उन्हें उम्मीद थी कि उनका काम पूरा हो जाएगा। विधायक की चचेरी बहन का आरोप है कि जब उन्होंने फाइल पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया तो नायब तहसीलदार भड़क गए। उन्होंने कथित रूप से कहा कि तुम हस्ताक्षर करने के लिए कहने वाली कौन होती हो, जाकर मैनपाट से हस्ताक्षर करा लो। इस पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि काम मैनपाट से होना था तो पहले ही जानकारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस, टीएमसी, आरजेडी समेत पूरे विपक्ष की एसआईआर पर तमाम आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली। 2025 में बिहार में हुए विधानसभा चुनाव से पहले शुरू हुए मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर भारी सियासी बवाल मचा था. विपक्षी दलों ने एसआईआर के जरिए वोट चोरी के आरोप लगाया था. लेकिन अब देश की सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर अहम फैसला सुनाते हुए विपक्षी दलों की तमाम आपत्तियों को खारिज कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची की जांच का पूरा अधिकार है. फैसला सुनाते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ''हमारा मानना है कि चुनावी एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाता है.



### एसआईआर के खिलाफ क्या दाखिल की गई थी याचिका?

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से कांग्रेस, राजद, टीएमसी सहित अन्य विपक्षी दलों की आपत्तियां खारिज हो गई हैं. एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं में दावा किया गया था कि संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उससे संबंधित नियमों के तहत निर्वाचन आयोग को इतने व्यापक स्तर पर एसआईआर कराने का अधिकार नहीं है. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची की जांच के अधिकार की बात कही.

### एसआईआर के खिलाफ किन लोगों ने दायर की थी याचिका?

शीर्ष न्यायालय ने 29 जनवरी को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था. इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका भी शामिल थी. इसके अलावा राजद की ओर से राज्यसभा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ममता बनर्जी को लगा बड़ा झटका, नाराज टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को बुधवार (27 मई) को एक और बड़ा सियासी झटका लगा है। पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर नाराजगी जाहिर करने वालीं टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने संगठन के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। बारासात लोकसभा सीट से सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने महिला तृणमूल विंग की चेयरपर्सन (अध्यक्ष) के पद और अपने पास मौजूद अन्य सभी संगठनात्मक जिम्मेदारियों को छोड़ दिया है। उनका यह इस्तीफा ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए एक कड़े कदम के बाद सामने आया है। दरअसल, यह पूरा विवाद तब और बढ़ गया जब ममता बनर्जी ने काकोली घोष दस्तीदार को टीएमसी संसदीय दल के मुख्य सचेतक के पद से हटा दिया था। ममता बनर्जी ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सीनियर सांसद कल्याण बनर्जी को सौंप दी थी। इससे पहले, काकोली घोष ने बारासात संसदीय जिला के टीएमसी अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने यह फैसला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में जिले के भीतर पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद नैतिक आधार पर लिया था। अपने इस्तीफे को लेकर काकोली घोष (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# '400 किमी तक बाड़बंदी कम्प्लीट', मेघालय वाले साइड से भी भारत-बांग्लादेश बॉर्डर को सील करने का काम तेज

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के बाद मेघालय वाले साइड से भी भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़बंदी का काम तेज है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के सांगमा ने कहा है कि राज्य में बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा दीवार का काम लगभग पूरा हो चुका है।

उन्होंने आगे बताया कि कुल 440 किलोमीटर में से करीब 400 किलोमीटर बाड़ लग गई है। सिर्फ 40-45 किलोमीटर बचा है, यानी महज 10 फीसदी काम बाकी है। वहीं, सीमा पर बाड़ेबंदी के काम में क्यों देर हो रही है? इस पर पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि स्थानीय लोगों की कुछ समस्याओं के कारण यह देरी हुई है, लेकिन सरकार उन मुद्दों को सुलझाने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में मेघालय काफी आगे है। कई जगहों पर पहाड़ी इलाके, नदियां और गांवों की वजह से काम रुक जाता है, लेकिन यहां स्थानीय लोगों से बातचीत कर रास्ता निकाला जा रहा है।



### क्यों बाढ़ लगाना जरूरी?

सुरक्षा के लिहाज से भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने की मांग लंबे समय हो रही है। घुसपैठ, तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियां रोकने के लिए यह दीवार बहुत अहम है। मेघालय में लंबी सीमा है, जहां जंगल और पहाड़ी इलाके हैं। ऐसे में काम आसान नहीं था। फिर भी राज्य सरकार और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल से प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया- हम स्थानीय लोगों की समस्याओं को समझ रहे हैं। उनकी जमीन, खेती और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर बात हो रही है। जल्द ही बाकी काम भी पूरा कर लिया जाएगा। सीमा इलाकों में रहने वाले लोग अक्सर चिंतित रहते हैं। उन्हें डर होता है कि बाड़ लगने से उनकी खेती-बाड़ी और आवाजाही पर असर पड़ेगा। कुछ गांव ऐसे हैं जहां बाड़ के रास्ते में घर आ रहे थे। सरकार ने इन मामलों में संवाद बढ़ाया है। कई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केरल में ईडी की कार्रवाई पर बवाल: पूर्व सीएम विजयन के समर्थकों ने अफसरों को घेरा, गाड़ियों में तोड़फोड़ से तनाव

तिरुवनंतपुरम। तिरुवनंतपुरम में पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास के बाहर उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया। ये कार्यकर्ता केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) मामले में केरल के 10 ठिकानों पर एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था। तिरुवनंतपुरम में भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है

### पुलिस और ईडी के अधिकारियों पर हमला

प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के दौरान बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बेकरी जंक्शन स्थित किराए के आवास के बाहर जमकर हंगामा हुआ। जानकारी के



मुताबिक ईडी अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आवास पर छापा पूरा कर लिया था और जब वे वहां से निकल रहे थे, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वाहनों को रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आरोप है कि काफिला निकलने से पहले सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने ईडी के तीन वाहनों को नुकसान पहुंचाया और उन पर पत्थर फेंके। इस बीच जैसे-तैसे ईडी के अधिकारी केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता पिनाराई विजयन के आवास से रवाना हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार सुबह ईडी की तलाशी शुरू होने के बाद से ही पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। तलाशी अभियान के बीच बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता आवास के बाहर जमा हो गए और केंद्र की भाजपा नीत सरकार तथा ईडी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य गेट के जरिए परिसर में घुसने की भी कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया।

### ईडी ने कई जगहों पर ली तलाशी

ईडी ने केरल में जांच के तहत कई जगहों पर तलाशी ली है, जिनमें पिनाराई विजयन, उनकी बेटी वीणा विजयन और राज्य के पूर्व मंत्री व दामाद पीए मोहम्मद रियास के घर शामिल हैं। इन तलाशी अभियानों ने तुरंत ही एक राजनीतिक विवाद का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गुजरात के कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त: ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी; तीन विदेशी गिरफ्तार, एक फरार

कच्छ (गुजरात)। गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं।

गुजरात छ्रत्रक्क डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया।

जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी।



इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी। जहाज से समुद्र में फेंके जा रहे थे पैकेट गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक यह जहाज मुंद्रा तट से करीब 5 नॉटिकल मील (करीब साढ़े 9 किमी) दूर लंगर डाले खड़ा था। कोस्टगार्ड ने की घंटों तक इस पर नजर रखी। इसी दौरान अधिकारियों ने देखा कि जहाज से कुछ संदिग्ध बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। इसके बाद कोस्टगार्ड और ञ्ज्रस् की संयुक्त टीम हरकत में आई और रात में ही जहाज को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया। जो आरोपी पकड़ाया, वो नाइजीरिया का रहने वाला एटीएस की छापेमारी में जहाज पर दो लोग मिले थे। इनमें से जुम्मा नासिर उमर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वहीं, एक अन्य आरोपी ने समुद्र में छलांग लगा ली थी, जिसकी तलाश की जा रही है। जहाज को कच्छ पोर्ट पर लाया गया है।इससे पहले 13 अप्रैल 2025 में पोरबंदर से 1800 करोड़ रुपए कीमत की 300 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड और कोस्टगार्ड ने 12 अप्रैल की रात जॉइंट ऑपरेशन में पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप पकड़ी थी।गुजरात एटीएस से मिली जानकारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### आपदा प्रभावितों एवं आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली गिरने से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए एवं छुरिया तहसील अंतर्गत आग से धान फसल क्षति होने पर 17 हजार रूपए, आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, आंधी-तूफान से पेड़ की डंगाल गिरने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से दो जनहानि होने पर 8 लाख रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत जलाशय बांध में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

प्रवेश हेतु परीक्षा प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की आगामी तिथि एवं संशोधित कार्यक्रम की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### ग्राम रींवागहन में नाली निर्माण कार्य हेतु 5 लाख 91 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव(दावा)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रीवागहन के वार्ड नंबर 14 में नाली निर्माण कार्य हेतु 5 लाख 91 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### अशांति फैलाने वाले दो बदमाश पकड़ाये

**राजनांदगांव(दावा)।** चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले दो बदमाशो को धर दबोचा है और उनके खिलाफ धारा 170 के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि, बदमाश रितिक साहू पिता नरसिंग साहू उम्र 25 साल निवासी गौरीनगर अटल आवास के पास तथा कमलेश उर्फ पिंटू साहू पिता नरसिंग साहू उम्र 32 साल निवासी गौरीनगर अटल आवास के पास के द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे थे, पुलिस द्वारा अप्रिय घटना घटित होने के संभावना पर बदमाशों के विरूद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु 15 जून तक रजिस्ट्रेशन

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सत्र अगस्त 2026 से प्रारंभ होने वाले विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदन 15 जून 2026 रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट https://cgiti.admissions.nic.in पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। इस संबंध में अन्य जानकारी आईटीआई से प्राप्त की जा सकती है।

### प्रवेश हेतु परीक्षा प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की आगामी तिथि एवं संशोधित कार्यक्रम की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### आज लखोली स्कूल मैदान में 7 वार्ड के लिए जन समस्या निवारण शिविर

**राजनांदगांव (दावा)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डो में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा हैं। शिविर की कडी में कल दिनांक 28 मई गुरूवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 30, जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, बैगापारा वार्ड नं. 33, कन्हारपुरी वार्ड नं. 34, लखोली वार्ड नं. 35 एवं सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिए लखोली स्कूल मैदान (सीडीएस) में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियो की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
28th May 2026


Kattlam- 12:00pm 03:30, 06:30 & 09:30pm
Pati Patni Aur Woh Do - 06:15 & 09:15 pm
Mayaru Bhauji 2 (C.G) - 12:00, 03:00 and 06:00pm
Krishnavataram Part 1 The Heart -09:00pm
Bhoot Bangla - 12:15 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
भीड़भरा शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल


मयारू भौजी 2
छत्तीसगढ़ी में
मोहन सुंदरानी प्रस्तुत
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में बच्चों का चहुंमुखी विकास



**राजनांदगाँव (दावा)।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट (आरकेसी) में स्कूल कैलेंडर में शामिल प्रमुख दिवस और उत्सवों को भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। निदेशक संजय बहादुर सिंह एवं श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक उत्सवों तथा खेलकूद पहलों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते रहे। स्कूल वर्ष की शुरुआत के अवसर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत, कक्षाओं का परिचय और शैक्षणिक लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों के लिए विशेष पारस्परिक परिचय सत्र भी रखा गया। सभी गतिविधियाँ अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुईं।

स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ देशभक्ति कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्रों ने गीत, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की। साथ ही स्वच्छता अभियान के माध्यम से परिसर और आस-पास की जगहों पर साफ-सफाई व पौधरोपण किए गए, जिससे पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा मिला।

विद्यालय ने रंगीन बालमेला का आयोजन भी किया, जिसे भव्यता के साथ सजाया गया। बालमेला में विभिन्न थीम आधारित स्टॉल, हस्तकला प्रदर्शनी, कला-कौशल प्रतियोगिताएँ और पारिवारिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छोटे बच्चों के लिए कहानी-सुनाना, फेस पेंटिंग और खेल कोर्नर विशेष आकर्षण रहे। अभिभावकों ने भी मेला में सक्रिय भागीदारी दिखायी और शैक्षिक-मनोरंजक गतिविधियों ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाया।

एकता दिवस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक झांकियाँ और संस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय ने भी एकता दिवस के अंतर्गत समुदायिक कार्यक्रम कर के समरसता का संदेश फैलाय। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर शिक्षा के महत्व पर सेमिनार, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला डॉ. जे बी सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन हुआ, जिसमें जिलेभर की स्कूलों की टीमें भाग लीं। यह टूर्नामेंट विद्यालय के खेल संस्कार और फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया गया। टूर्नामेंट में प्रभावित प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायन, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से उत्सव में चार चाँद लगाए। डायरेक्ट श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में होने वाला ड्रैमेटिक्स जिले का एक विशेष आकर्षण है। जिसमें बच्चे लगभग एक सप्ताह तैयारी कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का लोहा मनवाते हैं।

26 जनवरी के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण, परेड और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। साथ ही स्कूल खेल-प्रशिक्षण पहल पर भी जोर देता है। विद्यालय के खेल शिक्षक शाम को निःशुल्क रूप से स्कूल के हरित व विशाल मैदान मे बच्चों को खेल सिखाते हैं। इस पहल के तहत पारा-कोचिंग और फिटनेस सत्र आयोजित होते हैं, जिससे छात्र नियमित अभ्यास और अनुशासन विकसित करते हैं। विशेष रूप से डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह ने कई खेलों में बच्चों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर पर उनका मार्गदर्शन किया है। उनकी लगन और प्रेरणा से कई छात्र स्थानीय स्तर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में सफल रहे है जो कि सर्वविदित है। सत्र भर प्रीति श्रीवास्तव मैडम के द्वारा बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन शाम को दिया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी, प्रोजेक्ट प्रदर्शन और वार्षिक समारोह की तैयारियाँ जोरशोर से की गईं। वार्षिक दिवस का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पुरस्कार वितरण भी हुआ। इस वर्ष का वार्षिक दिवस विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा को आमंत्रित कर आयोजित किया गया था, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा और शोध के महत्व पर प्रेरक भाषण दिया। इन सभी गतिविधियों को निदेशक संजय बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में उत्साह, अनुशासन और सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न कराया गया। शिक्षकों, खिलाड़ियों, छात्र-स्वयंसेवकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने प्रत्येक कार्यक्रम को सफल और संस्मरणीय बनाया। आरकेसी ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह, बरसर सर डॉ. ए.के. वैष्णव एवं अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बच्चों को साल भर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। अभी हाल ही में बहुत ही भव्य तरीके से शाला से 25 वर्ष पूर्व निकले बच्चों का अल्युमीनि-मीट आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से पधारे पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव शेयर किया तथा शाला की स्मृतियों को जीवंत किया।

## जिला महिला कबड्डी टीम ने दर्जनों टूर्नामेंट में बिखेरा कबड्डी का जलवा, पाया प्रथम स्थान



**आल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शहर को किया गौरवान्वित**

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला महिला कबड्डी टीम ने इस वर्ष दर्जनों ऑल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट में अपने कबड्डी खेल का जलवा बिखेर कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया है। अभी हाल ही में तुमसर महाराष्ट्र में हुए प्रतियोगिता में फिर से प्रथम स्थान प्राप्त कर राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। जिला कबड्डी संघ के संरक्षक अशोक चौधरी ने बताया कि महाराष्ट्र की सभी टीमों को हराते हुए फाइनल में लालपुर को 37 के मुकाबले 25 कुल मिलाकर 12 अंकों से पराजित करते हुए विजेता का गौरव हासिल किया। उन्होंने बताया कि समस्त कोच मैनेजर और खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला कबड्डी समिति ओर से हार्दिक बधाई दी गई है।

बता दें कि जिला कबड्डी संघ की खासियत है कि वह अपने खिलाड़ियों को पूरे वर्ष भर प्रशिक्षण देते हैं और सभी खिलाड़ी भी पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। उसका परिणाम उन्हें प्रतियोगिताओं में दिखाई देता है। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रत्येक ब्लॉक में चल रहा है। डूंगरगढ़ विकासखंड के मड़ियान ग्राम व छुरिया विकासखंड के गेंदाटोला और राजनांदगांव विकासखंड के महिला खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कमला कॉलेज में और पुरुषों का प्रशिक्षण दिग्विजय स्टेडियम में चल रहा है। बहरहाल जिला महिला कबड्डी खिलाड़ियों के हर जगह प्रथम स्थान आने वाले श्रेष्ठ प्रदर्शन पर उनकी हौसला अफजाई करते हुए सभी महिला खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

## शक्तिपीठ में धूमधाम से मनाई जाएगी मां गायत्री जयंती, तैयारियां शुरू



**मंदिर में यज्ञ-हवन प्रारंभ, संपन्न किए जा रहे विभिन्न संस्कार**

**राजनांदगांव(दावा)।** शहर के सुभाष द्वार दिल्ली दरवाजा समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आगामी दिनों वेद माता गायत्री जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट समिति के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलाग्यां व प्रबंध ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि, गायत्री मंदिर शक्तिपीठ में मां गायत्री जयंती प्रसंग पर वैदिक यज्ञ-हवन व सोडष संस्कार संपादन का कार्य वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया जा रहा है। ट्रस्टी द्वय ने बताया कि, संस्कारों के जागरण से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। गायत्री शक्तिपीठ के पावन देवालय में, चौखड़िया पारा निवासी अशोक चौबे के सुपुत्र गौरव चौबे एवं आदर्श चौबे का यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

बताया गया कि शक्तिपीठ के विद्वान पुरोहितों के सानिध्य में संपन्न इस दिव्य आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों से जोड़ना है। दोनों भाईयों का यज्ञोपवीत धारण कर 'द्विजत्व' की ओर कदम बढ़ाने पर उन पर पुष्प वर्षा कर स्वस्तिवाचन किया गया, जहां गायत्री परिवार की ओर से हार्दिक मंगलकामनाएं दी गई।

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश राठौर ने बताया कि यदि अपने बच्चों का नामकरण, जन्मदिन, विद्यारंभ या यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार संपन्न कराना चाहते हैं तो शक्तिपीठ में सभी 16 संस्कार निःशुल्क एवं सशुल्क (सुविधानुसार) गरिमामय ढंग संपन्न किया जाता हैं।

# ग्राम उसरीबोड़ में महिला के साथ मारपीट, साड़ी फाड़ कर बेइज्जती करने का प्रयास

**सुरगी पुलिस चौकी में सुनवाई नहीं, पीड़िता ने एसपी सुश्री अंकिता शर्मा से लगाई न्याय की गुहार**



**राजनांदगांव (दावा)।** सुरगी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम उसरीबोड में 7 मार्च को बड़ी शर्मनाक घटना हो गई। गांव के कुछ लोगों ने भिलाई कुम्हारी क्षेत्र के ग्राम जंजगिरी से अपने मायका पहुंची महिला के साथ मारपीट कर दी गई। यही नहीं उक्त महिला की साड़ी फाड़कर बेइज्जत करने का प्रयास किया गया। आहत उक्त महिला ने अपने साथ हुई उक्त घटना के संबंध में सुरगी पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित महिला ने अपने परिजनों को साथ लेकर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के पास अपने साथ हुए अत्याचार को बताया हुए उनसे न्याय की गुहार लगाई। इसके पश्चात सुरगी पुलिस चौकी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया गया। लेकिन आरोपियों के खिलाफ़ किसी प्रकार कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे बेजार और न्याय न मिलते देख पीड़ित महिला प्रेमलता साहू पति रुपेश साहू उम्र 47 वर्ष निवासी जंजगीरी ( कुम्हारी) जिला दुर्ग ने चौथे स्तंभ के समक्ष अपना दुखड़ा रोया है और पुलिस प्रशासन से आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए उसे न्याय दिलाई जाने की मांग की है।

### पुलिस आरक्षक होने का धौंस दिखाते हुए मारपीट

पीड़िता ने पत्रकारों को साथ ही बताया कि पूर्णिमा साहू जो कि महिला आरक्षक है जो पुलिस ड्रेस में आई थी और पुलिस का कोई क्या कर लेगा कहकर मारपीट की और आरोपियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए पीड़िता को जान से मारकर जमीन में गाड़ देने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी जो पुलिस आरक्षक है अपने रुतबे का फायदा उठाया और सुरगी चौकी में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने दिया। वहीं दूसरी ओर मेरे साथ हुई उक्त घटना से स्वयं को बचाने उसके भाई थान सिंह के खिलाफ एसपी के समक्ष झूठी शिकायत कर दिया गया। पीड़िता ने अपने परिवार वालों की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस प्रशासन से मांग की है आरोपिया द्वारा अपने पुलिस होने का धौंस जमाते हुए उनके भाइयों को झूठे प्रकरण में फंसाने का प्रयास कर रही है। उससे उनके भाइयों को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने उनकी सुरक्षा की मांग की है साथ ही अपने पीड़ित भाई को देखने मेहमान के रूप में आई एक गांव की बेटी के साथ मारपीट कर उसकी साड़ी फाड़ देने व लहुलुहान कर देने सहित मारकर जमीन में गाड़ देने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**बच्चों को मोबाइल देखने से मना करना बना झगड़े की जड़**

पीड़ित महिला प्रेमलता साहू जो उसरीबोड निवासी अपने छोटे भाई थानसिंह साहू व अन्य रिस्तेदारो के साथ पत्रकार वार्ता लेने आई थी। इस दौरान उसके छोटे भाई थान सिंह ने बताया कि मार्च के महिने में परीक्षा के समय अपनी लड़कियों को मोबाइल देखने से मना क्या कर दिया घर में तूफान आ गया। उसकी पत्नी पुष्पा साहू जिसके साथ उसका गुंरावट में प्रेम विवाह हुआ है। उसके पिता भाइयों ने उक्त डांट पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। बाद में अपनी बहन प्रेमलता को बुलाएं जाने पर आरोपियों द्वारा अपनी बहन पुष्पा साहू को जलाने आए हो कहकर उसके साथ मारपीट की गई। इन मारपीट करने वालों में उन्होंने अपने भाई की पत्नी पुष्पा साहू,मोहेद्र साहू, पूर्णिमा साहू,डूमन साहू, पुष्पेंद्र साहू, वंदना साहू,सौरभ साहू,भुनुराम साहू,का नाम बताया है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- । /NIT- 04/2026-27/ व ले लि/2840 दिनांक : 25/05/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09.06.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.06.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 17.06.2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- "द" श्रेणी से "अ" तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में), बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 4 T0013 | लोक निर्माण विभाग उप संभाग बोड़ला के अंतर्गत आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत का कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 6 माह) | 10.00 7500.00 150000.00 |
| 4 T0014 | लोक निर्माण विभाग उप संभाग बोड़ला अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 6 माह) | 5.90 5000.00 88500.00 |
| 4 T0015 | कबीरधाम (कवर्धा) स्थित जिला न्यायालय के मुख्य द्वार के पास स्थापित पोर्टा केबिन के आवश्यक मरम्मत कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 1 माह) | 0.43 1000.00 6450.00 |
| 4 T0016 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत भवनों में विशेष मरम्मत का कार्य - प्रथम आमंत्रण (समय 9 माह) | 6.97 5230.00 104550.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा
जी- 262701009/2

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in
// निविदा निरस्तीकरण सूचना//

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/दिनांक / सिस्टम क्रमांक 14/30-04-2026/190062, 15/30-04-2026/190064, 16/30-04-2026/190066, 17/30-04-2026/190067, 18/30-04-2026/190068, 19/30-04-2026/190069, 20/30-04-2026/190070 (जी क्रंमाक 262700518) में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लेने से निविदाओं के कारण शून्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
जी- 262701000/1 मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक- **अवध राम पिता-बोधनसिंह** जाति-कंवर निवासी ग्राम रैनूटोला मकान नं.13, वार्ड नं. 01, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **अवधरम (Avadharam)** अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **अवध राम (AWADH RAM)** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **अवधरम (Avadharam)** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **अवध राम (AWADH RAM)** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी
दिनांकः-27/05/2026

आवेदक
अवध राम
निवासी ग्राम-रैनूटोला, तह. अंबागढ़ चौकी
जिला- मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
5-7-9
679-2 290-1
राजधानी
3-5-7
890-7 468-8

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# एसपी अंकिता शर्मा ने ली समीक्षा बैठक : अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश, क्विक रिस्पांस टीम पर जोर

राजनांदगांव (दावा)। आगामी पंचायत चुनाव, आगामी पर्व-त्योहारों और संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकिता शर्मा ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। पुलिस कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने, विजिबल पुलिसिंग, त्वरित रिस्पांस और पुलिस अनुशासन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर सहित डोंगरगढ़ व डोंगरगांव के एसडीओपी, डीएसपी हेडक्वार्टर, डीएसपी ऑपरेशंस और जिले के सभी थाना प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### केस स्टडी के जरिए दी व्यावहारिक समझाइश

बैठक के दौरान एसपी अंकिता शर्मा ने पूर्व में घटित संवेदनशील घटनाओं को केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने थाना प्रभारियों एवं फील्ड अधिकारियों को कानून व्यवस्था से जुड़ी परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाने, त्वरित निर्णय लेने और प्रभावी रिस्पांस देने के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। बैठक में आगामी चुनाव, संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, सोशल मीडिया गतिविधियों और संभावित चुनौतियों की गहन समीक्षा कर एक अभेद्य सुरक्षा रणनीति तैयार की गई।



### क्विक रिस्पांस टीम की कार्यप्रणाली को सराहा

पुलिस अधीक्षक ने जिले में करीब एक माह पूर्व गठित की गई 'लॉ एंड ऑर्डर क्विक रिस्पांस टीम' की कार्यप्रणाली की विशेष समीक्षा की। उन्होंने बताया कि यह टीम पुलिस लाइन और एसपी कार्यालय में हमेशा 'रेडी मोड' में तैनात रहती है। शहर के किसी भी क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर यह टीम मात्र 10 से 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर कमान संभाल रही है। इस बेहतर रिस्पांस टाइम के लिए एसपी ने रिजर्व इंस्पेक्टर की पीठ थपथपाई।

### थाना प्रभारियों को एसपी के कड़े निर्देश

लगातार पेट्रोलिंग- सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त और पेट्रोलिंग को और अधिक मजबूत करें। असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई- गुंडा-बदमाशों की नियमित चेकिंग की जाए और संदिग्धों पर पैनी नजर रखकर सख्त वैधानिक कार्रवाई हो।

शांति समिति की बैठकें- चुनाव और त्योहारों के दौरान सामाजिक व धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों के साथ लगातार संवाद स्थापित कर शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं।

### सोशल मीडिया की होगी कड़ी मॉनिटरिंग

इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रखने के निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म पर अफवाह, भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट फैलाने वालों पर साइबर सेल विशेष मॉनिटरिंग करे। किसी भी भ्रामक सूचना पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और समय पर पुलिस विभाग द्वारा अधिकृत जानकारी जारी कर अफवाहों का खंडन किया जाए। इसके साथ ही पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखने के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल और नियमित अभ्यास करने की रणनीति भी बनाई गई।

### नियम और अनुशासन सर्वोपरि

बैठक के अंत में एसपी अंकिता शर्मा ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना राजनांदगांव पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण अनुशासन, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं, राजनांदगांव पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में दें।

# कलेक्ट्रेट में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 2.60 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। जिले की पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में की गई।

चौकी निरीक्षण भूषण चंद्राकर ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी रविचंद्र मंडले, निवासी ग्राम लिटिया, पुलिस चौकी सुकुलदैहान ने 2 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि आरोपी प्रकाश गजभिये पिता शंकर गजभिये, उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12, स्टेशनपारा, चिखली ने प्रार्थी को नौकरी लगवाने का लालच देकर उससे कुल 2 लाख 60 हजार रु. रुपये की ठगी की है।

मामले में आरोपी के विरुद्ध चौकी सुकुलदैहान थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 197/26 धारा 318(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया, मामले में जांच में पाया गया कि आरोपी ने प्रार्थी से यूपीआई तथा नगदी के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में कुल 2,60,000/- रुपये लिया है, विवेचना के दौरान आरोपी के द्वारा प्रार्थी के साथ बातचीत का ऑडियो को भी पुलिस के द्वारा पेन ड्राइव में जब्त किया गया है, साथ ही बैंक स्टेटमेंट से भी लेन-देन की पुष्टि हुई है। बुधवार 27 मई को चौकी सुकुलदैहान पुलिस के द्वारा आरोपी प्रकाश गजभिये को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड चेक करने पर उसके विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 507 भादवि का मामला भी दर्ज होना पाया गया है।

# भारतीय थल सेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर 1163 युवाओं का चयन

### 0 प्रारंभिक निर्देशों के लिए 28 मई को सुबंह 7 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में उपस्थित होने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न पदों पर चयन परिणाम की घोषित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के 1163 युवाओं का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के लिए चयन हुआ है। जिसका अवलोकन भारतीय थल सेना की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in एवं सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के सूचना पटल कर किया जा सकता है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर हेतु चयनित अभ्यर्थियों को 28 मई को सुबह 7 बजे शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास नवा रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित होने कहा गया है। राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अग्निवीर हेतु चयनित अभ्यर्थी अपने चयन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव को प्रदान करें तथा प्रारंभिक निर्देशों के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाषा क्रमांक 0771-2965212, 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

# घुमका के चौमुखी विकास का संकल्प भाजपा ले रही-श्रीमती किरण वर्मा

*घुमका (दावा)। भाजपा घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि, पार्टी संकल्प पत्र के माध्यम से भूमिका के आम लोगों को विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर रही है। भाजपा मीडिया सेल के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती वर्मा ने कल घुमका के विभिन्न क्षेत्रों में धुआंधार जनसंपर्क कर मतदाताओं से मुखातिब होते हुए कहा कि, पार्टी का यह संकल्प है कि किसानों की सिंचाई सुविधा एवं क्षेत्र में भूजल स्तर को बढ़ाने हेतु सोनबरसा नदी में रपटायुक्त स्टाप डैम का निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्र में लगातार गिर रहे भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके। इसी तरह घुमका से गोपालपुर सड़क का चौड़ीकरण किया जावेगा ताकि क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ सके इसके अलावा नगर में एक भव्य सर्व सुविधा युक्त सभी नागरिकों के लिए मंगल भवन का निर्माण किया जाएगा ताकि हमारे धार्मिक व सामाजिक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न हो सके, इतना ही नहीं बल्कि शहर की विभिन्न खेल*



*प्रतिभाओं के विकास के लिए भी मल्टीपरपज खेल का मैदान बनाया जाएगा, ताकि शहर के युवा और बच्चे अपनी खेल प्रतिभाओं को उम्मीद दे सके, साथ ही आम नागरिकों को सुबह व शाम की सैर की जरूरत भी पूरी हो सके। इसी तरह कुंवार झोर डाईवर्सन नहर नाली की समुचित मरम्मत कराकर इसके रखरखाव की स्थायी व्यवस्था की जावेगी ताकि सुविधाओं का विस्तार हो सके इतना ही नहीं बल्कि पटेवा रोड स्थित मुक्तिधाम में रोड एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था की जावेगी।*

*श्रीमती वर्मा ने आगे कहा कि, क्षेत्र के मतदाता मतदान के पूर्व इस बात को अपने स्मृति पटल में बनाकर रखें कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जिसमें देश और प्रदेश के विकास का कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए अनेक जीवनदायी योजना बनाकर उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। घुमका नगर विकास की बात जोह रहे हम सब मिलकर इस चुनाव में भाजपा को विजयी बनाएंगे तो देश प्रदेश के साथ घुमका के विकास का द्वार खुल जावेगा। इसलिए सभी शहरवासी कमल फूल चुनाव चिन्ह के पक्ष में एकजुट हो जावे ताकि, हम विकास के नए युग में प्रवेश कर सके। इस दौरान श्रीमती किरण वर्मा के साथ जनसंपर्क सभा में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नूतन साहू महामंत्री तामेश्वरी निषाद महामंत्री संगीता यादव पिंकी पटेल फुलेश्वरी साहू ज्योति गायकवाड पुष्पा साहू नागेश्वरी साहू लालेश्वरी साहू धनेश्वरी साहू दामिनी साहू शांति निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे।*

# दिग्विजय महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्या का समाधान, एबीवीपी के प्रयासों से पुनः खुला पोर्टल



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्या का समाधान करते हुए छात्रहित में महत्वपूर्ण पहल की गई। पारिवारिक, आर्थिक एवं अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के कारण कई विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे, जिसके चलते परीक्षा पोर्टल बंद हो चुका था और विद्यार्थियों के सामने परीक्षा से वंचित होने का संकट खड़ा हो गया था। विद्यार्थियों एवं उनके परिजन लगातार महाविद्यालय के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव एवं जनभागीदारी समिति ने विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल की।

एबीवीपी एवं जनभागीदारी समिति के प्रयासों से बंद पोर्टल को पुनः चालू करवाया गया, जिसके बाद प्रभावित विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरवाए गए। साथ ही विभागीय प्रक्रिया को भी पूर्ण करवाकर विद्यार्थियों को बड़ी राहत दिलाई गई। परिषद की इस पहल से कई विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष खराब होने से बच गया।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**संगोष्ठी में नेहरू के योगदान और आधुनिक भारत निर्माण की भूमिका पर हुई चर्चा**

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को सतनाम भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, पार्षद और विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने नेहरू के स्वतंत्रता संग्राम, लोकतंत्र की मजबूती, वैज्ञानिक सोच और आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को याद किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को आधुनिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की मजबूत दिशा दी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया, जिसकी नींव पर आज का भारत खड़ा है।

उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में नेहरू के विचारों और संविधानिक मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द, भाईचारा तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, सूर्यकांत जैन, पंकज बांधव, प्रेम रुचंदानी, वीरेंद्र चंद्राकर, देवेश वैष्णव, झम्?मन देवांगन, राजा तिवारी, ललित मरकाम, महेंद्र बहादुर, विशु आजमानी, अभिमन्यु मिश्रा, विप्लव शर्मा, आफताब अहमद, संतोष शर्मा, गोलू महानन्द, अंचल श्रीवास्तव, सोनू साहू, जयनारायण सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री रिटेल कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिनेश कोठारी, सचिव दिनेश झाबक (डी.के), हर्ष लुनिया बने कोषाध्यक्ष







राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों रिटेल कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संघ, राजनांदगांव के नए सत्र की घोषणा एवं नई टीम का चयन किया गया। नए अध्यक्ष की घोषणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के सानिध्य में किया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु दिनेश कोठारी का चयन सर्व सम्मति से किया गया। उसके पश्चात अध्यक्ष द्वारा पूरी टीम का घोषणा की गई जो कि इस प्रकार है। संरक्षक शांतिलाल कोठारी, विनय डढ्ढा, श्रीचंद कोचर, जनरैल सिंग भाटिया, बसंत कांकरिया, धीरूभाई पटेल निवृत अध्यक्ष-रमेश बजाज, उपाध्यक्ष-मनोज ओस्तवाल, संजय बैद, सुनील बैद सचिव-दिनेश झाबक (डी.के.), सहसचिव-राजा ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष-हर्ष लुनिया कॉर्डिनेटर-महेश गोलछा (धन्नू), राहुल बोहरा, मीडिया प्रभारी-संकेत गोलछा, सांस्कृतिक प्रभारी-महक बाफना, कार्यकारिणी सदस्य-गौतम छाजेड़, संजय खंडेलवाल, अभिषेक बरडिया, विपिन बोहरा, संजय अग्रवाल, अजय संचेती, पवन चौरडिया, आशीष ओस्तवाल, रशेष जेठवा, देवेश खंडेलवाल, हर्षिल कोचर, राकेश पंजवानी, रिंकू बजाज, श्रेयांश टाटिया 'मीकू', प्रतीक सुराणा, सागर कोचर, बॉबी ओस्तवाल, अजीत गिड़िया नवीन सत्र की नई सूची जारी की है। अध्यक्ष दिनेश कोठारी ने सेवा कार्यों पर विशेष ध्यान देने कहा है।

# श्रीमती वैशाली मरडवार ने व्यवस्थाओं को सराहा, बुजुर्गों से ली स्वास्थ्य की जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। इसी कड़ी में आज समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार अपनी टीम के साथ नगर में संचालित भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम पहुंचीं। उन्होंने आश्रम में गर्मी से बचाव के लिए किए गए इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उप संचालक श्रीमती मरडवार ने आश्रम के प्रत्येक कमरे, भोजन कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष और शयन कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि बुजुर्गों के लिए सभी कमरों में पर्याप्त संख्या में पंखे, कूलर और शीतल पेयजल (ठंडे पानी) की उत्तम व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही उन्होंने आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य और खान-पान के संबंध में जानकारी ली।

### आपातकालीन चिकित्सा के पुख्ता इंतजाम

भीषण गर्मी में लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से निपटने के लिए संस्था में आपातकालीन चिकित्सा के पुख्ता इंतजाम मिले। निरीक्षण के दौरान फर्स्ट एड किट (प्रथमोपचार किट) और ओ.आर.एस. (ORS) के पैकेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। आश्रम की इन बेहतरीन व्यवस्थाओं को लेकर वहां रह रहे बुजुर्गों (हितग्राहियों) ने भी गहरी संतुष्टि जताई और प्रबंधन की सराहना की।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

इस निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण विभाग के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू, समता मंच के संरक्षक गौतम पारख, प्रबंधक कमलेश कोसले और कुंभलाल यादव सहित आश्रम का स्टाफ उपस्थित रहा। उक्त जानकारी भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के प्रबंधक कमलेश कोसले द्वारा दी गई है।

# बसंतपुर के 7 कैंपर तथा 2 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक प्रदाय किया गया**

राजनांदगांव (दावा)। विगत कई वर्षों से बसंतपुर स्थित बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में संचालित हॉकी प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायण धकेता एवं उपाध्यक्ष भूषण साव की प्रमुख उपस्थिति में उन जूनियर खिलाड़ियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने इस मैदान से प्रशिक्षण प्राप्त कर जूनियर भारतीय हॉकी टीम तथा कैंप में अपनी जगह बनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फिरोज़ अंसारी ने कहा कि, हॉकी नर्सरी राजनांदगाँव के बसंतपुर का यह मैदान आज पूरे प्रदेश के लिए गौरव का केंद्र बन चुका है। यहां से निकलकर कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि, सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और कोच अनुराज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि, प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, लगातार मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर ही खिलाड़ी भारतीय टीम तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, आने वाले समय में बसंतपुर से और भी खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने आश्वस्त किया कि, जिला हॉकी संघ द्वारा इस ग्राउंड की आवश्यकताओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी तथा कोच भूषण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि, आज सम्मानित जो खिलाड़ी इस मुकाम पर पहुंचे हैं, वे इसी ग्राउंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर आगे बढ़े हैं। उन्होंने शुरूआती समय से ही मेहनत और लगन के साथ खेल को अपनाया है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी खिलाड़ी अनुशासन और समर्पण के साथ शिक्षा एवं खेल दोनों पर ध्यान दें। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी खिलाड़ियों को अनुशासित जीवन शैली के साथ खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एनआईएस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 10 वर्षों में इस हॉकी ग्राउंड से लगभग 7 खिलाड़ी हॉकी इंडिया कैंप तक पहुंचे हैं, वहीं 3 खिलाड़ियों ने सरकारी नौकरी भी प्राप्त की है। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित कोर टीम कैंप में भूमिक्षा साहू, आंचल साहू, अनीशा साहू, ओम यादव, संदीप ठाकुर, तरुण यादव और शीतल यादव भाग ले चुके हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में तरुण यादव एसईसीआर बिलासपुर, भूमिक्षा साहू आरसीएफ कपूरथला (पंजाब)तथा अनीशा साहू एनईआर रेलवे गोरखपुर(उत्तर प्रदेश) में पदस्थ हैं। कार्यक्रम के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला हाकी संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर हेतु प्राप्त हॉकी स्टिक एवं बॉल का वितरण अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तथा कोच परमजीत सिंह योगेश द्विवेदी, सचिन खोब्रागड़े, अभिनव मिश्रा, दीपक यादव, कृष्णा यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# श्रेष्ठ व्यक्ति कभी अपने गुणों का बखान नहीं करते- पं. अर्पित भाई शर्मा



**0 बालक के जीवन में चंचलता ना हो तो उसका बालपन बोझ बन जाता है**
**0 श्री श्याम चरित्र कथा का हुआ बखान**

राजनांदगांव (दावा)। श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा समिति द्वारा संस्कारधानी नगरी में पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर पहली बार पांच दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के द्वितीय दिवस तीन दिवसीय श्री श्याम चरित्र कथा का आयोजन श्री खाटूधाम गायत्री विद्यापीठ केसर नगर में आयोजित हो रहा है। व्यास पीठ पर अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने विराजमान होकर श्री श्याम चरित्र कथा का विस्तृत गुणगान करते हुए श्री हनुमत चरित्र कथा की व्याख्या की। श्री शर्मा ने कहा कि जहां भी श्री राम कथा, श्री भागवत कथा इत्यादि आयोजित होती है वहां श्री हनुमान जी स्वयं उपस्थित होकर कथा श्रवण करते हैं। कथा व्यास पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि श्री हनुमान चरित्र कथा व्यक्ति के जीवन में ज्ञान की भूख से तृप्ति दिलाती है, उन्होंने बाल हनुमान चरित्र कथा का विस्तृत विवरण करते हुए कहा कि, बाल हनुमान चरित्र कथा ज्ञान का प्रतीक है तथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालक के जीवन में चंचलता होनी चाहिए, बालक के जीवन में चंचलता ना हो तो यह माना जाता है कि उसकी मानसिक तरंगे विकसित नहीं हुई है और उस बालक का बालपन बोझ लगने लगता है। प्रभु श्री राम के बालपन की लीलाओं का वर्णन करते हुए श्री कागभूसुंडी की लीला चरित्र का वर्णन किया। श्री शर्मा ने श्री जगन्नाथपुरी के बेड़ी हनुमान जी की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि, महाप्रभु जगन्नाथ जी के मंदिर के अंदर समुद्र की लहरों की आवाज एवं मंदिर तक समुद्र के पहुंचने से होने वाली क्षति को रोकने के लिए प्रभु श्री राम ने श्री हनुमान जी को जिम्मेदारी सौंप थी। जगन्नाथपुरी में इस बेड़ी हनुमान जी का दर्शन कल्याणकारी होता है।

भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई ने कहा कि, श्रेष्ठ व्यक्ति कभी अपने गुणों का बखान नहीं करते, उनकी श्रेष्ठता स्वयं बोलती है। पद्म पुराण में वर्णित महीसागर तीर्थ गुप्त क्षेत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि, ब्रह्मलोक में महीसागर ने अपने आप को सभी तीर्थ में श्रेष्ठ बताया था तब ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म ने उन्हें उनके रजोगुण के कारण श्राप दे दिया था। बाद में नारद जी के कहने पर उस श्राप से मुक्ति का उपाय बताते हुए धर्म ने कहा था कि जब कभी कोई सच्चा संत-महात्मा इस गुप्त स्थल पर तपस्या करने आएगा तब यह महीसागर श्राप से मुक्त होगा। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग के देव खाटू वाले श्याम प्रभु ने इस महीसागर के समीप कठिन तपस्या की थी, जिससे उसे श्राप से मुक्ति प्राप्त हुई। खाटू वाले श्याम प्रभु के चरित्र का गुणगान अगले दो दिवस तक जारी रहेगा।

## अनमोल दावा

**अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है, खुद को बदल लो.**

## सम्पादकीय

# पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का विरोधाभास, फ्यूल बना कमाई का साधन

भारत में बढ़ रही पेट्रोल की कीमतें केवल अंतर्राष्ट्रीय तेल की कहानी नहीं है। यह सरकार के आर्थिक श्रोत की वस्तु बन गई है। यह उपभोक्ताओं के जरूरत के मद्देनजर कम प्रदाय और आय का विश्वसनीय साधन माना जा रहा है। वर्तमान में पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल की कीमत बढ़ते ही जा रही है और अभी और बढ़ने की संभावना है। प्रश्न यह कि, क्या जनता वास्तव में केवल वैश्विक संकट का बोझ सहन कर रही है। अथवा जनता ऐसी कर प्रणाली का बोझ सहन कर रही है, जिसके कारण 'फ्यूल' का 'राजस्व मशीन' में परिवर्तन हो गया है।

भारत जैसे देश में, जहां लाखों लोग सीधे 'टैक्स' के पात्र नहीं है। पेट्रोल और डीजल पर लगे टैक्स सरकारों के लिए आय का सरल साधन बन गया है। उपभोक्ता प्रतिदिन, प्रत्येक लीटर के साथ चर्चा, सूचना अथवा प्रतिकार किए बगैर टैक्स का भुगतान करता है। यही कारण है कि पेट्रोल की कीमत अब केवल ऊर्जा के खर्च के आधार पर तय नहीं होती। यह सरकार की आर्थिक भूख को भी स्पर्श करती है। वर्तमान की मूल्य वृद्धि का यह विरोधाभास को दर्शाता है। सरकारें दावा कर रही है कि, अतंर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड आईल बहुत महंगा हो गया है। वैसे, कीमतें बढ़ना स्वाभाविक तो है, किन्तु यह आंशिक रूप से सच है। भारत क्रूड आईल का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। फलस्वरूप, वैश्विक संकट से भारत पर भी असर होता है। लेकिन, प्रश्न यह कि, जब क्रूड आईल सस्ता होता है, तब जनता को इस परिप्रेक्ष्य में राहत क्यों नहीं मिलती?

यह वह क्षेत्र है, जहां ऊर्जा खर्च एक स्वाभाविक समस्या और जिसका समाधान यह होता है कि यह राजस्व का साधन बन एक आय का स्त्रोत बन जाता है। इनके बीच का अंतर भी साफ दिखता है। ऊर्जा खर्च दिखाता है कि फ्यूल की कीमत मुख्य रूप से तेल की वास्तविक कीमत के द्वारा तय होना चाहिए। यद्यपि, जहां राजस्व की बात है, फ्यूल सरकार के बजट को संतुलित करने का साधन बन गया है। भारत में धीरे-धीरे ऐसा ही हुआ है। आज भी पेट्रोल की कीमत में टैक्स का बड़ा हिस्सा है। मान लें कि पेट्रोल की वास्तविक मूल कीमत प्रति लीटर 60 के आसपास है, तो ग्राहकों को पम्प पर लगभग 110 रूपए का भुगतान करना पड़ता है। जिसका अर्थ यह है कि ग्राहक केवल पेट्रोल नहीं खरीदता, परन्तु भारी टैक्स सिस्टम का भी फण्ड में भागीदारी कर रहा है।

सर्वाधिक बड़ा विरोधाभास तब साफ दिखाई देता है जब सरकारें एक ओर जनता को 'खर्च कम करने' सरलता अपनाने और वैश्विक संकट बर्दाश्त करने की अपील करती हैं, तो दूसरी ओर पेट्रोल और डीजल का उपयोग आय का स्थायी स्त्रोत के रूप में निरन्तर चालू रहता है। अगर, संकट वास्तव में गहराया है, तो इसकी जवाबदारी जिम्मेदारों पर भी होनी चाहिए। केवल ग्राहकों पर बोझ किसलिए? टैक्स का ढांचा एक बार बढ़ा तो फिर कम क्यों नहीं होता?

यह भी उल्लेखनीय है कि पेट्रोल और डीजल पर लगा टैक्स एक प्रतिगामी टैक्स के रूप में काम करता है। धनवान और गरीब दोनों ही प्रति लीटर पेट्रोल और डीजल में लगभग समान रूप से टैक्स का भुगतान करता है। परन्तु, हकीकत में बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। जैसे-जैसे डीजल ज्यादा महंगा होता है, वैसे-वैसे परिवहन भी महंगा होता है। इसी के साथ, खाद्य पदार्थों से लेकर निर्माण संबंधी खनिज पदार्थों की भी कीमत बढ़ती हैं। जिसका अर्थ यह होता है कि फ्यूल की कीमत में वृद्धि केवल वाहन चालकों-मालिकों की समस्या नहीं हैं, यह सम्पूर्ण अर्थतंत्र में महंगाई दर बढ़ने का कारण भी बनता है। फ्यूल की कीमतों में वृद्धि एक आर्थिक घटना नहीं है, यह एक नीतिगत फिलासफी का प्रतिबिम्ब है, जिसमें फ्यूल को जीवन की जरूरत के रूप में कम और आय के अवसर के रूप में अधिक देखा जाता है।

# बलिदान एवं त्याग का प्रतीक 'ईद-उल-अजहा'



**हलीम बख्श गाजी, (एडव्होकेट)**




**( आज ईद -उल - अजहा पर विशेष )**

एकेश्वरवाद इस्लाम धर्म का सर्वप्रथम सिद्धांत है। ईश्वर एक है, एक अल्लाह की इबादत करो । अल्लाह ही सर्वशक्तिमान है और अल्लाह की इच्छा से ही सारी सृष्टि की व्यवस्था चली है। अल्लाह के पवित्र आध्यात्मिक संदेश को मानव जाति तक अल्लाह के संदेशवाहकों ने ही पहुंचाया है। अल्लाह के दूतो को अरबी भाषा मे नबी अम्बिया, रसूल कहते है । फारसी भाषा में इनको पैगम्बर कहते है। पैगम्बर का अर्थ है- संदेश । अल्लाह के संदेश को मानव जाति तक पहुंचाने वालों को पैगम्बर कहते है ।

अल्लाह द्वारा भेजे गये सबसे पहले पैगम्बर हजरत आदम अलैहिस्सलाम थे । अंतिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा से पूर्व अरब की धरती पर पैगम्बर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने जन्म लिया था जिन्हे यहूदी, ईसाई और मुसलमानों ने सभी पैगम्बरों में उन्हें मकान स्वीकार किया है, सभी मानते है कि उन्होने सत्य, धर्म की स्थापना के लिये अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था, उन्होने अपना घर बार, परिजन, धन संपत्ति सभी को तिलांजलि देकर उन्होनें त्याग की एक मिसाल कायम की थी, अपने स्वामी की खुशी. प्राप्त करने के लिये उन्होनें अपने होनहार बेटे को भी कुर्बान करना गवारा कर लिया था । संसार के प्रत्येक तीज त्यौहारों का संबंध किसी न किसी ऐतिहासिक या पौराणिक घटना से जुड़ा है । ई-उल-अजहा का त्यौहार भी एक धार्मिक घटना हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की मकान कुर्बानी से जुड़ा हुआ है। यह हजरत इब्राहिम ही थे जिन्होने मक्का शरीफ में काबे की नींव रखी और अपने बेटे हजरत इस्माईल के साथ उसकी दीवारों की चुनाई का कार्य किया । कुरान शरीफ के शब्दो में निःसंदेह सबसे पहला घर जो लोगो के लिये निश्चित किया गया वही जो मक्का में है, बरकत वाला और तमाम दुनिया के लोगो को हिदायत के लिये है। ज्ञातव्य है कि पुरे विश्व मे इसी दिशा की ओर मुंह करके नमाज अत्ता की जाती है। उल्लेखनीय है कि इस्लाम धर्म का पांचवा स्तंभ हज भी इसी दिन पूर्ण होता है।

ईद-उल-फितर के बाद ईदुज्जुहा या ईद-उल अजहा जिसे ईद-ए-अजहा, ईद-ए कुर्बा या बकरीद का पर्व भी कहते है, सारे विश्व मे पारंपरिक रूप से मनाया जाता. है, ईदुज्जुआ हक्क के साथ जुड़ा हुआ मुसलमानों का प्रमुख पर्व है ।

## कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला पर्व

कुर्बानी का यह पर्व हजरत इब्राहीम द्वारा अपने पुत्र हजरत इस्माईल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। हजरत इब्राहिम को वृद्धावस्था में दो पुत्र हुये जिसमें बड़े बेटे का नाम ईसहाक और छोटे बेटे का नाम इस्माईल रखा गया। यू तो अल्लाह ईश्वर का नाम लेना आसान है, परन्तु अपने पूरे जीवन को ईश्वरीय राह में समाप्ति कर देना आसान नहीं है, जो ईश्वरीय राह मे चलते है उन्हे कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। हजरत इब्राहीम को भी अपनी ईश्वरीय भक्ति और साधना के दौरान अनगिनत कठिनाइयों के साथ कठिन अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरना पड़ा था, उनकी अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ी ।

जब हजरत इब्राहीम अल्लाह द्वारा ली गयी सभी परीक्षाओं मे खरे उतरे, किन्तु एक परीक्षा शेष रह गयी थी कि उनके हृदय में औलाद को जो मोहब्बत है वह कहीं अल्लाह की मोहब्बत से ज्यादा तो नही है, एक दिन जब हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम गहरी नींद मे सोये हुये थे तो उन्होने सपनें में देखा कि वे अपने प्रिय सुपुत्र हजरत इस्माईल का गला एक तेज धारदार छुरी से काट रहे है जब वे जागकर उठे तो उन्होने इस अपशगुनी के निदान स्वरूप एक सौ भेड़ी का गला काटकर उनका मांस निर्धनों, अनाथो, विधवाओं, विकलांगो तथा असहाय जनता मे दान स्वरूप वितरित किया। अब अगली रात्रि पुनः सोये हुये थे तो उन्होने पुनः यही अपशगुनी सपना देखा तो उन्होने एक सौ उंटों का गला काटकर उनका मांस दान में दिया। अब पैगम्बर हजरत इब्राहीम पुनः सोये हुये थे, तो उन्होने निरन्तर तीसरी रात्रि को भी यही अपशगुनी सपना देखा तो उन्होने अपने धार्मिक, आध्यात्मिक ज्ञान से समक्षा कि, पवित्र अल्लाह अब उनकी धर्मनिष्ठा की परीक्षा लेना चाहता है तो उन्होने सपने को वास्तव में साकार रूप देने का म नही मन संकल्प ले लिया। ये बात उन्होनें अपने पुत्र हजरत इस्माइल को बतायी तो आज्ञाकारी प्रिय पुत्र ने कहा कि आप स्वप्न को वास्तव में सत्य कर दीजिये। आप मुझको संयमी तथा धैर्य पायेंगे । यह सुनकर हजरत इब्राहीम अति उत्साहित हुये । एक दिन हजरत इब्राहीम ने एक धारदार छुरी ली और अपने प्रिय पुत्र की आंखो पर पट्टी बांधकर उसे एकांतवास मे मीना नामक स्थान वर्तमान सऊदी अरब मे, ले गये फिर अपनी आंखो पर पट्टी बांधकर हजरत इस्माइल को धरती पर लिटा दिया और उसके अगले गले पर छुरी चलाई। यह आभास करके कि सुपुत्र हजरत इस्माईल का गला कट गया और सपना वास्तव मे साकार हो गया है, कि कुछ आगे बढ़े और अपनी आंखो से पट्टी हटाई और यह देखकर उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा कि इस्माईल सही सलामत उनके पीछे चले आ रहे है और घटनास्थल पर एक दुम्बा भेड़ कटा पड़ा है।

## मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं की कुर्बानी

ईद-उल-अलहा हजरत इब्राहीम की ईश्वरीय प्रेम में दी गयी कुर्बानी की याद में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य यही है कि मनुष्य ईश्वर की प्रभुत्व को स्वीकार करे और अपना सर्वस्व अर्पण कर दे। इस पर्व का उद्देश्य अल्लाह की श्रेष्ठता और उनके त्त्वानित्व को स्वीकार करने के लिये है ताकि हम मन एवं आचरण से भी इस बात को स्वीकार कर लें कि सब कुछ अल्लाह का है जो कुछ हमें प्रदान किया गया है, यह ईमान एवं मनोकामना की कुर्बानी है। नमाज और रोजा और उसकी गलतियों की रूपों में अल्लाह ने दिया है । जिहाद - समय और मानसिक तथा शारीरिक क्षमताओं की कुर्बानी है । हम भी मानते है कि हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारा नहीं है अल्लाह का है। सारी सृष्टि उसकी है हजरत इब्राहीम यह बात हमारे लिये बहुत बड़ी नसीहत है, ईश्वर के प्रति असाधारण प्रेम, त्याग एवं समर्पण की जिसकी याद में हम प्रतिवर्ष ईदुज्जहा का पर्व मनाते है और अपना ईमान ताजा करते है। इस मौके पर दुनिया भर के तमाम मुसलमान मक्का पहुंचकर खांन-ए काबा का का तवाफ करते है तथा इस्लाम का एक बड़ा पर्व हज अता करते है । अल्लाह हमें और आपको हज के अरमान पूरे करने की तौफीक अता करें।

गौरीनगर, राजनांदगांव (छ.ग.)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 435 : भरत जी ने नंदीग्राम में ही प्रारंभ की श्री राम की ही तरह कठोर तपश्चर्या

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अयोध्या के नर-नारी चित्रकूट से वापसी और श्री राम से भेंट के बाद भी अपने जीवन में उनकी रिक्तता का अनुभव करते हैं। भरत जी कैकेय प्रदेश से अपनी वापसी और श्री राम द्वारा राज पद पुनः अस्वीकार करने के बाद नंदीग्राम में तपस्वी जीवन जी रहे हैं। उनके श्री राम की तरह ही तपस्वियों के भगवा वस्त्र, शीश पर मुनियों की जटा, जिसके शीर्ष में रुद्राक्ष की माला से बाँधा गया जटाजूट, गले और बाजूबंद में रुद्राक्ष की माला, खुले पैर और मुख में श्री हरि का नाम है । उनके निवास स्थान को देखकर किसी भी व्यक्ति को यह भ्रम हो जाए कि यह किसी ऋषि का आश्रम है। और उन्हें देखकर एक तस्वीर ऋषि का। उनके भोजन में भी कंद-मूल और फल। अयोध्या के नरेश का दायित्व निर्वहन कर रहे भरत जी चौदह वर्षों की कठोर तपस्या पर हैं। उन्होंने श्री राम से उनके वनवास के 14 वर्ष पूरे होने के अगले दिन ही अयोध्या पहुंचने का वचन लिया हुआ है।

भरत जी का प्रातः समय पूजन-ध्यान में, दोपहर का राज कार्यों के संचालन में और रात्रि का समय ईश्वर की साधना में व्यतीत होता है। वे भगवान शिव की तरह लंबी साधना में डूब जाते हैं। भरत जी का दायित्व अत्यंत कठिन है। वे तपस्वी जीवन जी रहे है, किंतु अयोध्या का राजभार भी उनके कंधों पर है। गृहस्थ और तापस व्रत का पालन करते हुए उनका प्रजा से अद्भुत जुड़ाव है। साधना करते हुए भी उनका ध्यान अयोध्या राज्य के समस्त निवासियों के कल्याण पर होता है। संध्या का समय प्रजा से भेंट के लिए सुरक्षित है। आपात स्थिति में तो उनसे कोई भी, कभी भी संपर्क कर सकता है।

भरत जी आज संध्या पर्णकुटी आश्रम का निरीक्षण करते हुए मुख्य द्वार से बाहर निकले, तो उन्हें अयोध्या के दर्जनों सैनिक आश्रम की सुरक्षा करते हुए दिखे। भरत जी को देखते ही उन्होंने कहा,

''प्रणाम महाराज!''

''कल्याण हो, आप लोग मुझे महाराज के स्थान पर राज प्रतिनिधि कहें। महाराज तो केवल श्री राम हैं। वे भले ही अभी वन में हैं।''- भरत जी ने मुस्कुराते हुए किंतु आदेशात्मक स्वर में उत्तर दिया।

''आप लोगों को यहाँ इतनी बड़ी संख्या में किसने नियुक्त किया है?'' भरत जी ने आगे पूछा।

''कुमार शत्रुघ्न ने।''- उन सैनिकों के प्रमुख के रूप में एक नायक ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### प्रकृति महतारी

प्रकृति महतारी के अपन
सुग्घर अकन जतन हे,
नान्हे - नान्हे जीव -
जंतु मन ल देथय संरक्षण हे।
प्रकृति के अपन, न्याय व्यवस्था
अउओखर प्रबंधन हे,
प्रकृति महतारी के............
प्रकृति दाई ह मनखे के
जम्भो दुःख सही जाथे
कोन्हो ल लहलहावन देथे तो,,
कोन्हों ल सुखवाथे।।
ज्यादा अति होथे तो, लाथे
बाढ़-भूकंप के खतरा,
आगी-अंगरा कस घाम तिपोथे,
बांचे नइ सिरहा बपरा।
बने - बने रहिथे ते उल्होथे
कांदी - कुसा सुघ्घर बन हे।।
प्रकृति महतारी के..................
घाम नी होतीस त छईंहा ल
कहाँ ल मानतेन,
पशु पक्षी नी लहकतिस त
इंखर पीरा ल कहाँ जांनतेन।
प्रकृति के रुप ल ये मौसम
हमर भीतर जगाथे।
रुख-राई संग इंखर दुःख ल देख,
मन म करुणा बोहाथे।
प्रकृति महतारी ह करथे
अपन सुग्घ बेवस्था।
घर भीतर रहो चाहे या
रहे तुंहर कोनो अवस्था।।
कोन्हों ल देथे आगी - अंगरा,
त,, कोन्हों बर सुहाना-सपन हे।
प्रकृति महतारी के अपन.............
जेठ के घाम ह सावन के
हरियाली के अधार होथे।
दर्रा हने भुइयां बर बर्षा ह
धरती के पहली पिंयार होथे।।
खेती किसानी के दिन में
काम- कारज घलो नी समाए।
कीरा बीमारी अऊ बन के
बीज मन घाम म जथे सिराए।।
अऊ कोन्हो घाम ह,
जेठ म नंगत नी तपतीस।
त,,खेती ले हमर मुसुवा
अऊ कतको कीरा
के अंडा नी खपतिस।।
मनखे बर कतको हानिकारक
बैक्टीरिया ल देथे भगाय।
धरती महतारी के स्वास्थ्य
बर करथे बढ़िया उपाय।।
हानि कारक जीव-जंतु बर
करथे अइसने संतुलन हे।।
प्रकृति महतारी के अपन............
आओ प्रकृति संग चलन
अउ जल के महत्व ल समझन
प्रकृति ल बचावन अउ
नहीं करन एखर दोहन।
नइ झेले ल परही प्रकृति के
अइसने कहुं प्रकोप
नी जराही घातक किरन
ओजोन परत ह दीही रोक।
पेड़- पौधा लगावन
धरती ल करन हरा-भरा।
खिलखिलाही प्रकृति,
गोठ हावय खरा-खरा।
खेती के तैयारी बर प्रकृति ह
अईसने उदिम/जतन ल लाथे।
झन कोसव जेठ के घाम ल,,,
प्रकृति महतारी, अपन
अइसने बेवस्था बनाथे ।
प्रकृति संग जुड़ के चलन
तब होही कल्याण,
नइ ते झेले ल परही,
मरत ले बरसा, पानी घाम।।
प्रकृति के सुरक्षा बर हाथ जोरत,
सुषमा शुक्ला ''अंशुमन'' हे।
प्रकृति महतारी के अपन
सुघ्घर अकन जतन हे।।



सुषमा शुक्ला ''अंशुमन''
राजनांदगांव (छ.ग.)

## सामयिक चर्चा

### नेता की बात का क्या?

बानी बोले-''गजाधर!
आज मैं खबर पढ़ता हूँ,
राजनीति से हटकर-
नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के
वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महन्त ने
जगतगुरू रामभद्राचार्य जी को
जगतगुरू और आध्यात्मिक गुरू
मानने से ही साफ इंकार कर दिया है।
महन्त के इस आचरण ने
विवाद का रूप ले लिया है।
इस पर जगतगुरू रामभद्राचार्य ने
चरणदास महन्त को चुनौती दी,
बोले- ''मेरे जगदगुरू होने का
परीक्षण कर लें!
खरा हूँ हर कसौटी पर!''
इस पर आपकी क्या
प्रतिक्रिया है गजाधर?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
एक राजनीति के नेता के
कुछ भी कहने को
जगतगुरू को ध्यान ही नहीं देना चाहिए।
इस तरह गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।
क्योंकि नेता का क्या?
वह तो कुछ भी कहते रहता है।
और कभी जब वह
अपनी ही बात में फँस जाता है
तब उसका बयान आता है-
''हमारी बात को
गलत समझ लिया गया है।
दरअसल उसे तोड़ मरोड़ कर
पेश किया गया है।''
(बुधवार 27 मई 2026)




गिरीश बख्शी

## कविता

### तीपत भोंभरा

बंजर भुंइया में तीपत भोंभरा
आगी कस जनावत हे,
धरती दाई के छाती हा
चलनी कस बेधावत हे!!
काट के हरियर रुख-राई ल
धरती के सिंगार नंगा डारेव,
सुरुज के सोजहा घाम परत हे
अपने काल बला डारेव।
गली-गली में सड़क बना के
बरसा के पानी ला बोहा डारेव,
एक-एक बूंद पानी के खातिर
जीव जंतु ला तरसा डारेव।
अच्छा होतिस भवन के बदला
कुआं-डबरी बनवा लेतेव,
एक-एक पेड़ लगाके मानव
धरती दाई ला बचा लेतेव।
हमर लापरवाही के ग़लती ह,,
हमीं मन ला खावत हे,,।
बंजर भुइया में तीपत भोंभरा,
आगी कस जनावत हे....।।





अलखराम राउत
बिसाहूटोला (राज.)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ सकता है। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। कारोबार में बढ़िया लाभ होने की संभावना बन रही है।

**वृष राशि** — वृष राशि- आज का दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। ऑफिस में आज आपके सजेशन से महत्वपूर्ण डील फाइनल हो जाएगी जिससे प्रसन्न होकर बास आपकी पदोन्नति कर सकता है। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

**कर्क** — आज का दिन नई खुशियां लेकर आने वाला है। काफी दिनों पहले शुरू किया गया विशेष कार्य आज पूरा हो जायेगा निकट भविष्य में जिसका परिणाम सकारात्मक होगा। जीवन के महत्वपूर्ण फैसले जज्बाती होकर नहीं लें और घर के वरिष्ठ जनों की राय अवश्य लें। टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को नौकरी के लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा जिससे कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में होने वाला इजाफे से आपके बजट में उतार चढ़ाव हो सकता है। आज कुछ निजी काम में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए ताजगी से भरा रहने वाला। इस राशि के कारोबारी आज के दिन अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें इससे आप किसी भी भारी नुकसान से बचे रहेंगे।

**तुला** — आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** — आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**कुंभ** — आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है।

**मीन** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें।

# लिमो-पेंडरवाणी सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी

0 समय सीमा खत्म होने के बाद भी सड़क की खस्ताहाल
0 ग्रामीणों में छाया आक्रोश, आंदोलन की दी चेतावनी



गंडई पंडरिया (दावा)। केसीजी जिले के अंतिम छोर पर स्थित लिमो-पेंडरवाणी सड़क निर्माण में ठेकेदार के द्वारा जमकर मनमानी और भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायतें सामने आई है। निर्माण कार्य की समय सीमा भी खत्म हो चुकी है लेकिन सड़क आज भी जर्जर स्थिति में है इसके चलते राहगीरों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण लोगों में आक्रोश छाया हुआ है और आंदोलन की चेतावनी भी दे दिए हैं। अंचलवासियों का कहना है कि, क्षेत्र के विकास को लेकर सरकारी तंत्र कितना सजग है। यह लिमो-पेंडरवाणी सड़क निर्माण कार्य में देखने को मिल रहा है, जहाँ कागजों पर काम की समय सीमा कुछ दिनों पहले खत्म हो चुकी है, लेकिन सड़क की हालत आज भी जस की तस बनी हुई है। इसका खामियाजा अंचलवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### कागजों में बीती तारीख, सड़क पर सिर्फ गड्ढे

मिले पुख्ता ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क बोर्ड के मुताबिक, इस मुख्य सड़क के निर्माण का जिम्मा नंदनी कंट्रक्शन ठेकेदार को सौंपा गया था, उसे कार्य पूरा करने की अंतिम तिथि 14 मई (अनुबंधित तिथि के अनुसार) तय की गई थी। इस समयसीमा को बीते कुछ दिन हो चुका है, लेकिन ठेकेदार और संबंधित लोक निर्माण विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। वर्तमान स्थिति यह है कि आधी-अधूरी बनी यह सड़क अब हादसों को दावत दे रही है।

### जनता परेशान, ठेकेदार मेहरबान

स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। स्थानीय निवासियों उपसरपंच दिलेश्वर साहू, सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र धुर्वे, पंच दिनेश रजक भूपेंद्र रजक, ग्रामवासी नरेश साहू, टीकम साहू, जीवन साहू, रामानुज रजक, रेवा रजक, शिव साहू साहू, घनश्याम साहू अश्वनी रजक, पीताम्बर साहू, शिवकुमार रजक, विश्राम साहू, नैनो विश्वकर्मा, मानसिंह रजक, वैशाखू साहू, पुष्पेंद्र रजक, विनोद धुर्वे, प्रवीण साहू, रघुवीर रजक, युवराज साहू, बलराम रजक, नाथु रजक, का कहना है कि 'धूल, मिट्टी और पत्थरों के कारण इस मार्ग पर चलना दूभर हो गया है। आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ठेकेदार को कई बार टोकने के बाद भी काम बंद पड़ा है। ऐसा लगता है कि प्रशासन ने ठेकेदार को खुली छूट दे रखी है।'

### जांच के घेरे में विभागीय अधिकारी

इतने लंबे समय तक काम अधूरा रहने के बावजूद ठेकेदार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न होना, सीधे तौर पर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। जनता अब यह सवाल उठा रही है किआखिर समयसीमा खत्म होने के बाद भी ठेकेदार का टेंडर रद्द क्यों नहीं किया गया? क्या विभाग के बड़े अफसरों को इस कछुआ गति से चल रहे काम की भनक नहीं थी? जनता के टैक्स के पैसों की इस बर्बादी का जिम्मेदार कौन है?

### पेंडरवाणी के ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि, अगर अगले कुछ दिनों के भीतर सड़क का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर दोबारा शुरू नहीं किया गया, तो वे तहसील मुख्यालय का घेराव करेंगे और उग्र चक्का जाम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि, इस बड़े खुलासे के बाद सो रहा जिला प्रशासन जागता है या फिर पेंडरवाणी की जनता को इस बदहाल सड़क पर ऐसे ही तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है। नाली की समस्या भी उभरकर आ रही है सामने-गांव के मुकेश साहू का कहना है कि, गांव में एक ही नाली है जो पूरी तरह जाम हो चुकी है, नाली जाम होने के कारण पानी ओवरफ्लोव होकर सड़क के ऊपर बहता है। जिसे लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया था। नाली की मरम्मत करना भी आवश्यक है।

# मारपीट मामले में अभियंता संघ ने खोला मोर्चा



ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने और पेटी ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत के उप अभियंता के साथ हुए मारपीट का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस संबंध में 26 मई को नगर पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर डोंगरगांव थाने में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था। वहीं अगली सुबह 27 मई को छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के द्वारा प्रशासन और पुलिस को ज्ञापन सौंपा है।

इस मामले में आर.के. गजभिये उप-प्रांताध्यक्ष, कनक कुमार बघेल उप-प्रांतीय महामंत्री, राजेश साहू जिला अध्यक्ष राजनांदगांव सहित संघ के इंजीनियरों ने संयुक्त रूप से कहा कि, हमारे साथी के साथ जो मारपीट की घटना हुई है, वह काफी निंदनीय है और निकाय अन्य कर्मचारियों के द्वारा बचाव में न आना दुर्भाग्यपूर्ण है। आपसी लड़ाई में उलझने के बजाय साथ रहें और ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, वहीं उन्होंने कहा कि कार्यालयीन समय में निकाय के कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई है, जिस पर सीएमओ को कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया गया है।

इस पर सीएमओ विनम्र जेमा ने आश्वासन दिया है कि, वे ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने शासन को पत्र लिखेंगे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि, निकाय डोंगरगांव में पदस्थ इंजीनियर कृपाराम बर्मन उपअभियंता के साथ 25 मई को शासकीय कार्यालय में हरिशंकर साहू पेटी ठेकेदार निवासी मटिया डोंगरगांव के द्वारा बिल निकालने के संबंध में उनके द्वारा मारपीट गाली-गलौच एवं जान से मार देने की धमकी दी गई।

पूरी घटना सीसी टी.वी. में कैद है, इंजीनियर बर्मन के द्वारा हरिशंकर साहू के विरुद्ध इस घटना के संबंध में पुलिस थाना डोंगरगांव में एफआईआर दर्ज किया गया है। उक्त घटना से हमारे जिले के साथ-साथ प्रदेश के इंजीनियरों में रोष एवं आक्रोश है एवं सभी ऐसी घटना से अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

संघ उक्त घटना की जानकारी संबंधित उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर हरिशंकर साहू को एवं निर्माण एजेंसी कुशाल कंस्ट्रक्शन डोंगरगांव के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया है, साथ ही साथ निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा करने की भी मांग की गई है। जिससे भविष्य में कोई भी ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा अधिकारियों के साथ इस प्रकार से अमानवीय कृत्य करने से रोका जा सके।

## पहला कॉलम...

### ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने शोकाकुल परिवारों को दी आर्थिक सहायता, सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश



छुरिया (दावा)। ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की। समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है, जिसके तहत हाल ही में दिवंगत हुए परिवारों को सहयोग राशि देकर मानवता का परिचय दिया गया। समिति द्वारा स्वर्गीय रामाधीन निर्मलकर के पुत्र रमन निर्मलकर एवं रामाधार यादव की पत्नी जयंत्री बाई यादव के निधन पर उनके शोक संतप्त परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परमपिता परमेश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। साथ ही शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने कहा कि, दुख की घड़ी में परिवारों के साथ खड़ा होना ही समाज की सच्ची ताकत है। समिति भविष्य में भी जरूरतमंद एवं पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव खलील अहमद कुरैशी, कोषाध्यक्ष धनेश्वर गुप्ता, नरेन्द्र मानिकपुरी, सत्यनारायण अग्रवाल, धनेश सेन, भूपेन्द्र देवांगन, शिव निषाद (वार्ड पंच), छोटेलाल निषाद, आशिष गुप्ता, वसीम कुरैशी (वार्ड पंच), दुष्यंत कंवर, राजेश गुप्ता, मनोज कोचे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### कल अनुज शर्मा व अभिषेक सिंह की विशाल जनसभा

घुमका (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी किरण वर्मा एवं वार्डों के 15 भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक प्रबंध किया है जहां वार्डों में घर-घर साधने का कार्यक्रम चल रहा है वहीं बैठकों के माध्यम से पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत झोंक दिए हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा पार्टी के प्रचारक्रम को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए परसों 29 मई को शाम 5 बजे बाजार चौक घुमका में महती जनसभा का आयोजन किया गया है। इस सभा में छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सुपरस्टार विधायक अनुज शर्मा एवं पूर्व क्षेत्रीय सांसद अभिषेक सिंह सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की सभा रखी गई है। घुमका नगर पंचायत चुनाव के संयोजक मधुसूदन यादव व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि, पार्टी के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर कमल फूल की जीत को सुनिश्चित करने के कार्य में जुट गए हैं। सभा को लेकर पार्टी ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी है।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल की घोषणा

0 शैलेष महोबिया एवं योगेश साहू को महामंत्री का दायित्व, छबिल साहू प्रवक्ता बनाए गए

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा की अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दिनेश वैष्णव ने अपने मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है।

जारी की गई सूची के अनुसार महामंत्री शैलेष महोबिया, महामंत्री योगेश साहू, रामरतन नेगी उपाध्यक्ष, श्रीमति पेमिन साहू उपाध्यक्ष, नंदकुमार रजक उपाध्यक्ष, परमानन्द वर्मा उपाध्यक्ष, संगीता महोबिया मंत्री, निर्मला वर्मा मंत्री, पुसऊ रजक मंत्री, बुधराम साहू कोषाध्यक्ष, लतखोर साहू उप कोषाध्यक्ष, अनिल गोस्वामी मिडिया प्रभारी, कृष्ण मुरारी वर्मा सह मीडिया प्रभारी, गुलाब वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, नीलकंठ वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, अनिल वर्मा सांस्कृतिक प्रभारी, कुलेशवरी सेन कन्या संयोजक, भगवती वर्मा कार्यालय प्रभारी, लखन वर्मा सह कार्यालय प्रभारी, दिलीप महोबिया, छबिल साहू प्रवक्ता, अशोक साहू सहप्रवक्ता सहित 31 कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है। इन सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष दिलीप साहू, महामंत्री पवन निर्मलकर, तामेश्वर साहू सहित जिला पदाधिकारियों व मंडल के भाजपा नेताओं ने बधाई दी।

# स्थानीय रेलवे स्टेशन में की गई पुलिस द्वारा सघन सुरक्षा जांच



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेल्वे स्टेशन में बुधवार 27 मई को बसंतपुर थाना पुलिस द्वारा सघन जांच कार्रवाई की गई। इस अवसर पर रेल्वे सुरक्षा बल व जीआरपी द्वारा माका ड्रील भी किया गया। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा रेल्वे स्टेशन में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जहो सफल अभ्यास किया गया वहीं, ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर की सघन सुरक्षा जांच भी की गई।

### प्लेटफार्म परिसर व ट्रेनों की सुरक्षा जांच

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के नेतृत्व में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन परिसर में जिला पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं रेलवे विभाग द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया गया। इस दौरान मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन एवं बिलासपुर से दिल्ली जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की सुरक्षा जांच करते हुए स्टेशन एवं प्लेटफार्म परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे स्टेशन में अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित होने, यात्रियों के अचानक बेहोश होने एवं संदिग्ध लावारिस बैग मिलने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक अभ्यास किया गया। राजनांदगांव पुलिस, आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन एवं प्लेटफार्म परिसर में त्वरित भीड़ नियंत्रण करते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।

### सुरक्षा निकासी व्यवस्था की गई चेकिंग

आपातकालीन निकासी मार्ग एवं फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षित निकासी एवं व्यवस्थित चेकिंग की गई तथा पूरे घटनाक्रम को शांतिपूर्ण एवं नियंत्रित तरीके से संचालित किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सुरक्षा घेराबंदी, संदिग्ध वस्तु जांच एवं समन्वित बचाव कार्यवाही का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया। सभी विभागों द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया एवं बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए आपातकालीन स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया। संयुक्त अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से चेक किया गया। इस संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास में पुलिस के रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू, थाना प्रभारी रमेश पटेल, चौकी प्रभारी तुमड़ीबोड़ दिलीप पटेल, रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी तरुणा साहू, जीआरपी जनक लाल तिवारी, बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्रायड, रेलवे स्टेशन राजनांदगांव के सुपरवाइजर सहित रेलवे विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण, निबंध प्रतियोगिता एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन




डोंगरगढ़, नैनपुर तथा इतवारी सहित प्रमुख स्टेशनों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण को प्रोत्साहित करने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत माऊंट रोड रेलवे कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. किशोर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मध्य रेलवे डॉ. निर्मला गुप्ता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकगण एवं आर.पी.एच.ओ. के चिकित्सा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इसके अतिरिक्त, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नैनपुर, डोंगरगढ़ तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी सहित अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन स्थानों पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाकर हरित रेलवे एवं स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाया। साथ ही दिनांक 27.05.2026 को डॉ. बी.आर. अंबेडकर कॉन्फ्रेंस हॉल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी कार्यालय में ÷पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन÷ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एवं समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गतिविधियाँ भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह संपूर्ण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सोनेसरार में सुशासन तिहार मना, 19 ग्राम पंचायत हुए शामिल



डोंगरगांव (दावा)। जनपद क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन तिहार के तहत ग्राम सोनेसरार में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 19 ग्राम पंचायत के महिला पुरुष सम्मिलित हुए। शिविर में जहां लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया, वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार इस सुशासन शिविर में कुल 1603 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ, उपस्थित अतिथियों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सोनेसरार, करमतरा, जंगलपुर, कु.भाठागांव, खुर्सीपार एवं बड़.चारभांठा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही सात स्वच्छताग्राहियों दीदीयों का भी सम्मान किया गया. सामाजिक सहायता पेंशन योजना अन्तर्गत 13 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र और 13 हितग्राहियों को राशन कार्ड दिया गया। इसी क्रम में दुर्गावती महिला स्वयं सहायता समूह को 4 लाख, श्रीराम स्वयं सहायता समूह को 1.50 लाख का चेक दिया गया। तीन लखपति दीदीयों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया, कृषि विभाग ने 4 कृषकों को मूंग बीज प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 गर्भवती माताओं की गोद भराई संस्कार करने के साथ 5 बच्चों को सुपोषण किट, 10 किशोरी बालिका को सेनेटरी नेपकिन वितरित किया। वहीं 10 स्वस्थ बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

इस शिविर में प्रमुख रूप से जिपं पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जिपं सदस्य जागृति चुन्नी यदु, विभा साहू, जपं अध्यक्ष रंजीता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, रेशमा साहू, टुमन साहू, गेंदा साहू, दीपक पटेल, हरिला साहू, गिरधारीराम साहू, मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, कपिल पटौती, विवेक मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष भावेश निक्की सरपंच संघ अध्यक्ष रोहित साहु, एसडीएम श्रीकांत कोराम, जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, तहसीलदार कमलकिशोर साहू, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद रहे।

# धान खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल का शॉर्टेज, करोड़ों की लूट, जांच कर कार्यवाही करें - ललित साहू



छुरिया (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के महामंत्री ललित साहू ने धान खरीदी को लेकर शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि, धान खरीदी के मामले में अपने आप को अव्वल बताने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार खरीदे गए धान की सुरक्षा नही कर पाई धान खरीदी केंद्रों के जिन अधिकारियों के ऊपर धान खरीदी कर शासन प्रशासन को लाभ पहुंचाने का जिम्मेदारी होती है वे लोग ही भाजपा के कुछ नेताओं व अधिकारियों के संरक्षण में धान को खरीदी केंद्रों से अवैध रूप से उठाकर बाहर बेचने व बिना धान खरीदी के ही कूटरचित द्वारा शासन को चुना लगाने का काम किया गया है जो कि गंभीर अपराध है, आखिर इन्हें किनका संरक्षण प्राप्त है।

राजनांदगाँव जिले में विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीदी केंद्रों में 65 हजार क्विंटल से अधिक जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ से भी ज्यादा का शॉर्टेज आना बड़ी लापरवाही को प्रदर्शित कर रही है, छुरिया तहसील के कुहीकला में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व भाजपा नेता के संरक्षण में 64 लाख, लाल बहादुर नगर तहसील के बागरेकसा में 53 लाख, डोंगरगढ़ तहसील के मोहारा सोसायटी में 30 लाख सहित पूरे राजनांदगाँव जिले में 20 करोड़ से ज्यादा धान की हेरा फेरी का मामला सामने आना जिला प्रशासन की लापरवाही व मिलीभगत को दर्शाता है, यह लापरवाही तब सामने आई है जब प्रदेश की भाजपा सरकार समय पर धान की खरीदी व उठाव करने का दावा कर रही है, समय पर खाद उपलब्ध नही कराने वाली भाजपा सरकार व जिला प्रशासन धान खरीदी के समय किसानों के घर जाकर धान की जांच कर रहे थे व धान न पाए जाने पर किसानों के ऊपर रकबा समर्पण का दबाव बना रहे थे लेकिन धान खरीदी के बाद जिला प्रशासन, भाजपा नेताओं व अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के सामने ही असहाय व आत्मसमर्पित नजर आया।

जिसका परिणाम इस तरीके से धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी के रूप में दिखाई दे रही है। ज्ञात है कि पिछले साल भी कवर्धा जिले में करोड़ों के धान को मुसवा खा गया था लेकिन इस बार भाजपा नेताओं व सोसायटी के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा ही किसानों से खरीदे गए धान पर अपना हाथ साफ कर लिए जिसका परिणाम करोड़ों के शॉर्टेज के रूप में दिखाई दे रहा है, ब्लॉक महामंत्री ललित साहू ने कहा कि, इस गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए जिससे निकट भविष्य में ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति किसी के द्वारा भी न किया जाए।

# डाकपाल बीरेश यादव का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित



डोंगरगढ़/मुढ़ीपार(दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के मुढ़ीपार डाकघर में डाकपाल के पद पर कार्यरत बीरेश यादव को सेवानिवृत्त होने पर ग्राम पंचायत मुढ़ीपार व ग्रामवासियो द्वारा सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उनके कर्तव्यनिष्ठा की सराहनीय बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ छवि, ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भले ही मोबाइल और इंटरनेट ने चिट्ठियों के प्रचलन को कम कर दिया है, लेकिन चिट्ठियों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। इन्होने अपनी सेवाकाल के 42 वर्षो में चिट्ठियां और मनीआर्डर बांटकर हजारों लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट भरी है। कहा कि चिट्ठियां न केवल संदेश वाहक का काम करती थीं बल्कि उस दौर में चिट्ठियां सामाजिक समरसता का प्रतीक भी थी जहां लोग एक दूसरे से आत्मिक रूप से जुड़े रहते थे। मोबाइल ने जहां तकनीक तो दी, लेकिन लोगों को एकाकी बना दिया है। इस अवसर पर डाकपाल बीरेश यादव को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में सरपंच कुमेश साहू, जनपद सदस्य पुरषोत्तम साहू, ग्राम पटेल जैनेन्द्र साहू, सचिव भागवत साहू, डीआर निर्मलकर, हरी साहू, खुमान देशलहरे, सुनील जैन, केशव साहू, खेमलाल सिन्हा सहित यादव समाज बिरसिंग यादव, हीरु यादव, टाकेश्वर यादव, बाबा यादव, ज्ञान यादव, लतमार यादव, जीतू यादव, श्रवन यादव सहित डाक विभाग के कर्मचारी, पंचगण व ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## पूर्व शूटर और ओलंपियन रणधीर सिंह का निधन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व शूटर और ओलंपियन रहे रणधीर सिंह का निधन हो गया है। वे करीब 79 साल के थे। रणधीर सिंह को अर्जुन अवॉर्ड मिला है, साथ ही वे भारतीय और एशियाई स्पोर्ट्स बॉडीज में अलग-अलग एडमिनिस्ट्रेटिव पदों पर भी रहे हैं। उन्होंने 1987 से 2012 तक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन यानी द्धह्र के सेक्रेटरी जनरल के तौर पर काम किया। रणधीर 2001 से 2014 के बीच इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी द्धह्रष्ट के मेंबर भी रहे हैं।

रणधीर सिंह सितंबर 2024 में नई दिल्ली में कॉन्टिनेंटल बॉडी की 44वीं जनरल असेंबली में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के प्रेसिडेंट चुने जाने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें 2028 तक चार साल के टर्म के लिए ह्रष्ट्र प्रेसिडेंट चुना गया था। इस साल की शुरुआत में उनकी खराब सेहत की वजह से उनका टर्म समय से पहले खत्म हो गया। पंजाब के पटियाला के रहने वाले रणधीर स्पोर्ट्सपर्सन के परिवार से थे और पांच बार ओलंपिक शूटर रह चुके थे।

## सस्ते में सोना खरीदने का मौका, चांदी का दाम 2.70 लाख रुपए के नीचे फिसला

मुंबई। सोने और चांदी की कीमतों में कमजोरी देखने को मिली। इससे सोने का दाम 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.70 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 1,246 रुपए कम होकर 1,57,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,58,857 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,513 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,44,372 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम 1,19,143 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,18,208 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 4,887 रुपए कम होकर 2,66,213 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,71,100 रुपए प्रति किलो था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 0.05 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 4,552 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76.62 डॉलर प्रति औंस पर थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमतों में गिरावट की वजह कच्चे तेल और वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बढ़ना है। आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें अमेरिका के महंगाई और जीडीपी के डेटा पर होंगी।

## 1 जून से महंगा हो जाएगा रेलवे स्टेशन का खाना

नई दिल्ली। तेल और गैस की बढ़ती कीमतों का असर अब रेलवे स्टेशनों पर भी दिखने लगेगा। भारतीय रेल के मध्य रेलवे ने स्टेशनों पर बिकने वाले खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। मध्य रेलवे ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाले खाने-पीने की चीजों की नई कीमतें 1 जून, 2026 से लागू होंगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मध्य रेलवे ने सोमवार, 25 मई को ही खाने की कीमतें बढ़ाने की मंजूरी दे दी थी। रेलवे ने नए और संशोधित रेट वाले 33 व्यंजनों की नई लिस्ट भी जारी कर दी है। इसके अलावा, 16 व्यंजन ऐसे भी हैं, जिनकी कीमतों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। उत्तर रेलवे ने अपने नोटिफिकेशन में कहा, %%सक्षम प्राधिकारी ने संलग्न सूची के अनुसार, स्टैटिक कैटरिंग यूनिट्स पर %ए-ला-कार्टे% (अलग से मिलने वाली) वस्तुओं के टैरिफ/दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। नया मेनू और टैरिफ 01/06/2026 से लागू होगा। सभी लाइसेंसधारियों को ये निर्देश दिया जाएं कि वे अपने-अपने कैटरिंग यूनिट्स पर नए मेनू और टैरिफ को द्विभाषी रूप में (दो भाषाओं में) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। लाइसेंसधारियों को ये बात स्पष्ट रूप से समझाई जानी चाहिए कि रेट में संशोधन का परिणाम खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार के रूप में सामने आना चाहिए। डिवीजनों को नए टैरिफ के लागू होने के 6 महीने बाद बिक्री का मूल्यांकन करना चाहिए और तदनुसार लाइसेंस शुल्क की समीक्षा की जा सकती है।

## एनएसई ने यस सिक्योरिटीज को तीन महीने के लिए नए ग्राहक ऑनबोर्ड करने से रोका

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने यस सिक्योरिटीज को तीन महीने के लिए नए ग्राहक ऑनबोर्ड करने से रोक दिया है, साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसकी वजह ब्रोकरेज फर्म द्वारा अपफ्रंट मार्जिन कलेक्शन और पेनल्टी रिकवरी प्रथाओं का उल्लंघन करना था। अपने ऑर्डर में एनएसई ने कहा कि ब्रोकरेज फर्म कई मामलों में आवश्यक अपफ्रंट मार्जिन बनाए रखने में विफल रही और बाद में क्लियरिंग कॉर्पोरेशन द्वारा लगाए गए जुर्माने को अपने ग्राहकों पर डाल दिया। एक्सचेंज के मुताबिक, इस तरह की प्रथाओं ने उन नियामक मानदंडों का उल्लंघन किया है जो ब्रोकरों के उचित आचरण को सुनिश्चित करने और निवेशकों के हितों की रक्षा करने के लिए बनाए गए हैं।

# वैभव सूर्यवंशी टेस्ट के लिए तैयार नहीं, बीसीसी को मिली सौरव गांगुली की वॉर्निंग

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा जिस युवा खिलाड़ी की हो रही है, वह हैं 15 साल के वैभव सूर्यवंशी. अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले इस युवा बल्लेबाज को लेकर अब पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बड़ा बयान दिया है.



कोलकाता में टीओआई को एक इंटरव्यू में गांगुली ने साफ कहा कि वैभव अभी टेस्ट क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं. उन्होंने बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को संकेत देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में प्रतिभा जरूर दिख रही है, लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में जगह बनाने के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार प्रदर्शन जरूरी है. गांगुली ने कहा- टी20 क्रिकेट में उसे तुरंत शामिल किया जा सकता है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में नहीं. उसे पहले फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ज्यादा रन बनाने होंगे. हालांकि इस समय वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है. 15 साल का लड़का जिस तरह दुनिया के गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहा है, वह अविश्वसनीय है. वह भारत का भविष्य है. दादा ने वैभव की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ भी की. उनका मानना है कि इतनी कम उम्र में जिस आत्मविश्वास और निडर अंदाज के साथ वह खेल रहे हैं, वह भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है. इंटरव्यू में गांगुली ने घरेलू क्रिकेट और चयन प्रक्रिया पर भी अपनी राय रखी. उन्होंने कहा कि रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले आकिब नबी को अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिए थी.

गांगुली ने कहा कि नबी ने रणजी सीजन में बेहतरीन गेंदबाजी की थी.हालांकि उन्होंने युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव के चयन का भी समर्थन किया. गांगुली के मुताबिक- प्रिंस यादव बेहद तेज गेंदबाज हैं और जब आपके पास रफ्तार होती है तो आपको ज्यादा समय तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इंतजार नहीं करवाना चाहिए. मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए था. गांगुली ने आधुनिक क्रिकेट के बदलते स्वरूप पर भी खुलकर बात की.


# ईरान की जेल में महीनों से बंद 10 भारतीय नाविक रिहा

नई दिल्ली। भारत का नौवहन महानिदेशालय ने मंगलवार देर रात बताया कि ईरान में हिरासत में लिए गए 10 भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया गया है।

इन नाविकों को जुलाई 2025 में एक ऑयल टैंकर पर पकड़ा गया था। महानिदेशालय के अनुसार, एमवी हार्बर फीनिक्स नामक जहाज के चालक दल को ईरान के जास्क पोर्ट के पास जहाज रोके जाने के बाद हिरासत में लिया गया था। बयान में कहा गया कि लगातार कूटनीतिक बातचीत और प्रयासों के बाद सभी नाविक सुरक्षित रूप से रिहा हो गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि नाविकों को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के कारण या जहाज से जुड़े मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। भारत और ईरान के बीच लंबे समय से राजनयिक और ऊर्जा संबंध रहे हैं। वहीं भारत के अमेरिका और इजरायल के साथ भी करीबी संबंध हैं, इसलिए इस मामले में भारत ने संतुलित रुख बनाए रखा। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने नाविकों की रिहाई के लिए शांत कूटनीति अपनाई और बातचीत के दौरान सार्वजनिक बयानबाजी से बचा। जहाज ट्रैकिंग वेबसाइटों के मुताबिक, एमवी हार्बर फीनिक्स पलाऊ के झंडे वाला तेल उत्पाद टैंकर है। ईरानी बल अक्सर खाड़ी क्षेत्र में उन जहाजों को रोकने की घोषणा करते रहे हैं, जिन पर अवैध रूप से ईंधन ले जाने का आरोप होता है।

# अब दो फेज में होगा आईपीएल! सितंबर-अक्टूबर में भी खेले जाएंगे मुकाबले

नई दिल्ली। आईपीएल को लेकर बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। अभी तक आईपीएल मार्च के आखिर में शुरू होता है और ये मई तक चलता है। हालांकि आने वाले दिनों में इस लीग में मैचों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में दिन भी बढ़ाने पड़ेंगे। इस बीच जानकारी आ रही है कि आईपीएल को दो फेज यानी दो चरणों में कराया जा सकता है। बहुत संभव है कि आईपीएल के मैच आपको सितंबर से लेकर अक्टूबर में भी देखने के लिए मिलें। हालांकि अभी बात शुरुआती स्तर है और इसे अमलीजामा पहनाने में थोड़ा वक्त लगेगा।



इंडियन प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे बड़ी लीग है। इसी को देखते हुए दुनियाभर में और भी लीगें शुरू हुई हैं। आईपीएल के लिए तो आईसीसी की ओर से अलग से विंडो भी दी गई है। जब ये टूर्नामेंट होता है तो दुनियाभर में इंटरनेशनल मैच काफी कम होते हैं। अभी की बात करें तो आईपीएल में कुल मिलाकर 74 मैच खेले जाते हैं। इनकी संख्या आने वाले दिनों में बढ़ाकर 94 करने की बात पहले से ही हो रही है। लेकिन इतने दिनों तक लगातार मैच करा पाना आसान नहीं होगा। वे भी तब जब अप्रैल और मई में भारत के ज्यादातर हिस्सों में खूब गर्मी होती है।

आईपीएल का दूसरा फेज सितंबर से लेकर अक्टूबर तक कराया जा सकता है

अप्रैल मई की गर्मी और उमस में खिलाड़ियों की इंजरी की भी समस्या आती है। इसी बारे में बात करते हुए आईपीएल के चेयरमैन अरुण कुमार धूमल का कहना है कि आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम और ब्रॉडकास्टर से बात अगर सही दिशा में जाती है तो आईपीएल के एक सीजन को दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला फेज फरवरी के आखिर से लेकर अप्रैल तक चलेगा और दूसरा फेज सितंबर से लेकर अक्टूबर तक खेला जा सकता है। धूमल ने ये बातें स्पोर्ट स्टार से एक खास बातचीत में कही।

दरअसल सितंबर से लेकर अक्टूबर तक का वक्त इसलिए चुना जा सकता है, क्योंकि उस वक्त भारत में मौसम काफी अच्छा होता है। बारिश जा चुकी होती है और धीरे धीरे सर्दी दस्तक दे रही होती है। इतना ही नहीं अक्टूबर में भारत में त्योहारों का मौसम भी आ चुका होता है।

# गुजरात की हार के बाद ग्लेन फिलिप्स भड़क उठे

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आरसीबी बनाम जीटी मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भड़के हुए नजर आए। धर्मशाला में खेले गए क्वालिफायर-1 मैच में गुजरात को 92 रन से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आरसीबी ने आईपीएल 2026 फाइनल का टिकट कटाया। रजत पाटीदार ने 33 गेंदों में 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 9 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। इस हार के बाद ग्लेन फिलिप्स रिपोर्टर के एक सवाल से नाराज हो गए।



दरअसल, जीटी की टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हार के बाद ग्लेन फिलिप्स को भेजा, जिनसे एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या आरसीबी के 254 रन के टोटल को देखकर मानसिक रूप से हार मान ली थी? इस सवाल पर ग्लेन फिलिप्स ने कहा,

यह एक बेवकूफी भरा सवाल है। कोई भी यह सोचकर नहीं जाता कि ओह तुम्हें पता है क्या? हम बस इसे छोड़ देंगे। हम प्रोफेशनल क्रिकेटर के तौर पर ऐसा क्यों करेंगे? यह बहुत बुरा सवाल है। हम मैदान में उतरे, हमने अपना सब कुछ झोंक दिया। बदकिस्मती से, जब आप 250 रन का पीछा करने की कोशिश कर रहे होते हैं, तो सब कुछ सही होना चाहिए। हम सब कुछ सही करने की कोशिश करने उतरे और जाहिर है ऐसा नहीं हुआ।

ग्लेन ने बताया कि इतने बड़े टोटल का पीछा करना हमेशा दवाब भरा होता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ने माना कि बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हर छोटी गलती महंगी पड़ जाती है। उन्होंने कहा, जब आप 250 का पीछा करने की कोशिश कर रहे होते हैं तो स्कोरबोर्ड का बहुत ज्यादा प्रेशर होता है और आप जानते हैं, बहुत कम टीमों ने ऐसा किया है।

अगर बात करें मैच की तो आरसीबी ने रजत पाटीदार के 93 रन की बदौलत 254 रन का स्कोर बनाया और इस स्कोर के दबाव में गुजरात की टीम पूरी तरह से बिखर गई। टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए थे और यहीं से उनकी हार तय हो गई थी। गिल और सुदर्शन सस्ते में आउट हुए और इसका असर बाकी बैटिंग लाइन अप पर भी देखने को मिला। एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम 14-15 ओवर में ही आउट हो जाएगी, लेकिन राहुल तेवतिया ने 43 गेंद पर 68 रन बनाकर मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचाया।

# न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका, चोट के कारण मैट हेनरी टेस्ट से बाहर

नई दिल्ली। आयरलैंड और न्यूजीलैंड के बीच बेलफास्ट में खेले जा रहे ऐतिहासिक टेस्ट मुकाबले से पहले कीवी टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोट के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, जबकि मेजबान आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। खास बात यह है कि दोनों टीमें टेस्ट क्रिकेट में पहली बार आमने-सामने उतरी हैं। करीब दो साल बाद अपने घर में टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहे आयरलैंड ने परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बेलफास्ट की पिच पर तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, हालांकि गर्म मौसम के कारण बल्लेबाजों को भी अच्छे रन बनाने का मौका मिल सकता है।

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी बाएं हैमस्ट्रिंग में हल्के खिंचाव लो-ग्रेड स्ट्रेन) के कारण इस मुकाबले का हिस्सा नहीं बन सके। हेनरी अब लंदन में आयोजित ट्रेनिंग कैंप से जुड़ेंगे, जहां वह विल ओ%रूर्क और काइल जैमीसन के साथ इंग्लैंड के खिलाफ 4 जून से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारी करेंगे।



आयरलैंड के नियमित सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग भी चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह स्टीफन डोहेनी को ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, आयरलैंड ने युवा

# बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बड़ा फायदा, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से हुआ बदलाव

नई दिल्ली। आईसीसी ने एक बार फिर से रैंकिंग अपडेट कर दी है। इस वक्त टेस्ट मैच कम हो रहे हैं, लेकिन फिर भी इसमें बदलाव देखने के लिए मिल रहे हैं। खास बात ये है कि टॉप 10 के बल्लेबाजों की रेटिंग और रैंकिंग वही है, जो पहले थी, लेकिन नीचे कुछ परिवर्तन हैं। खास तौर पर बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने इसमें बड़ी बढ़त बनाई है। वहीं पाकिस्तान के खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए हैं।



बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान टेस्ट सीरीज समाप्त हो गई है। दो मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ हो गया था। इस सीरीज के दौरान बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा खेल दिखाया था। दो मैचों में मिली हार के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भी पाकिस्तान को भयंकर नुकसान और बांग्लादेश को फायदा मिला था। इस बीच अगर ताजा रैंकिंग की बात करें तो बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम ने लंबी छलांग मारी है। वे एक साथ 10 स्थानों की उछाल के साथ नंबर 16 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 681 की चल रही है।

इतना ही नहीं बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने भी 14 स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 650 की रेटिंग के साथ नंबर 24 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी केवल एक ही स्थान का फायदा? मिला है, वे 22वें नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 663 की है। सलमान अली आगा को भी दो स्थानों का हल्का सा फायदा हुआ है। वे अब 27वें स्थान पर हैं। इनके आगे जाने से कई बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है।

इस बीच इंग्लैंड के जो रूट अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग 880 की है। 857 की रेटिंग के साथ हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। ट्रेविड हेड की रेटिंग 853 है और वे नंबर तीन पर हैं। स्टीव? स्मिथ 831 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। केन विलियमसन नंबर 5 पर हैं। टॉप 5 में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए बेस्ट रैंकिंग वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी रेटिंग अभी 750 की है और वे आठवें नंबर पर हैं। शुभमन गिल 730 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**फ्री राशन पर सरकार करने जा रही बड़ा....**

मिलेगी। कई राज्यों को एफसीआई गोदामों से अंतिम वितरण केंद्र तक अनाज पहुंचाने में आर्थिक दिक्कत हो रही थी। अब केंद्र सरकार खर्च में मदद करेगी। साथ ही राशन डीलरों का कमीशन भी बढ़ाया जाएगा। लंबे समय से डीलर कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अंतिम व्यक्ति तक अनाज पहुंचाना तभी संभव होगा, जब राज्यों और राशन दुकानदारों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए। इसलिए नई योजना में वित्तीय सहायता और तकनीकी सुधार दोनों को साथ जोड़ा गया है।

**बहुसंख्यक सांप्रदायिकता ज्यादा.....**

जो देश की वास्तविक चिंता है। उन्होंने भाजपा पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आते ही वोट बैंक के लिए समाज में सांप्रदायिकता का जहर घोलती है। कुछ दिन पहले इंदौर में भाजपा नेत्री उषा ठाकुर के सामने खुद को दिग्विजय ने घोर सनातनी बताया था। इस पर भाजपा नेता रजनीश अग्रवाल कहते हैं कि दिग्विजय का सनातनी रूप केवल चुनाव और राजनीतिक लाभ के लिए एक ढोंग है। वह वोट बैंक की राजनीति के तहत बहुसंख्यक समाज (हिंदुओं) को निशाना बनाते हैं और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं।

**इबोला की भारत में दस्तक......**

10 से 11 दिनों तक आइसोलेशन में रखा जाएगा। उनके ब्लड सैंपल पुणे जांच के लिए भेजे गए हैं। हाल ही में युगांडा की यात्रा कर लौटी एक महिला को एहतियात के तौर पर बंगलूरू स्थित सरकारी एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल में आइसोलेशन में रखा गया था। संबंधित व्यक्ति ने शरीर में हल्के दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के तहत उनका सैंपल जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजा गया। अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है और उसमें इबोला वायरस संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि फिलहाल भारत में इबोला वायरस का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य सरकारों और स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। सरकार ने बताया कि देश के सभी निर्धारित एंट्री प्वाइंट्स, एयरपोर्ट्स और बॉर्डर हेल्थ सुविधाओं पर स्क्रीनिंग और सर्विलांस की प्रक्रिया जारी है। साथ ही पूरे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी संभावित संक्रमण की जल्द पहचान कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें तथा केवल आधिकारिक स्रोतों से जारी जानकारी पर ही भरोसा करें। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि भारत वैश्विक बीमारियों के बदलते पैटर्न को देखते हुए पूरी तरह सतर्क है और संक्रमण की शुरुआती पहचान तथा त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को लगातार मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी संभावित फैलाव को रोका जा सके। इधर, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में फैले इबोला बंडीबुग्यो प्रकोप को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपडेट में कहा कि कांगो में अब तक 101 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें 10 लोगों की मौत हुई है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अधिक गंभीर हो सकती है, क्योंकि 900 से ज्यादा संदिग्ध मामलों और 220 संदिग्ध मौतों की जांच अभी जारी है।

**बीजेपी विधायक ने नायब तहसीलदार.....**

दे दी जाती, जिससे इतने दिनों तक उन्हें परेशान नहीं होना पड़ता। आरोप है कि इसी दौरान नायब तहसीलदार ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और कर्मचारियों से उन्हें तहसील कार्यालय से बाहर निकालने के लिए कहा। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक समर्थक मौके पर पहुंच गए। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि गुस्साए समर्थकों ने नायब तहसीलदार को कार्यालय से बाहर सड़क तक ले जाकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए। विधायक रामकुमार द्वारा भी मौके पर पहुंच कर नायब तहसीलदार से मारपीट करने का आरोप लगा है।

**कांग्रेस, टीएमसी, आरजेडी समेत.....**

सांसद मनोज झा, टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा, योगेंद्र यादव सहित अन्य ने भी एसआईआर के खिलाफ यायिकाएं दाखिल की थी. पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले चले एसआईआर की प्रक्रिया के तहत 91 लाख वोटरों को नाम हटाए गए. यूपी में 2.89 करोड़ वोटरों को नाम मतदाता सूची से हटाए गए. इसी तरह अन्य राज्यों में भी लाखों वोटरों को नाम हटाए गए. एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों की आपत्तियों में सबसे अहम बात यह थी कि चुनाव आयोग विपक्षी दलों के वोटरों के नाम काट रही है. राजद, कांग्रेस, टीएमसी सहित अन्य दलों ने याचिकाओं में इस प्रक्रिया पर सवाल उठाने के साथ-साथ इन दलों के नेताओं ने भी चुनावी रैलियों में वोट चोरी के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरी प्रक्रिया को वैध ठहराया.

**ममता बनर्जी को लगा बड़ा झटका.....**

दस्तीदार ने कहा, जब कोई व्यक्ति किसी संगठन के अध्यक्ष या चेयरपर्सन के रूप में काम करता है, तो उसके कामकाज और नतीजों की मुख्य जिम्मेदारी उसी की होती है। मैं इस जिम्मेदारी पर खरी नहीं उतर सकी, क्योंकि हम 7 में से 5 विधानसभा सीटों पर चुनाव हार गए. यही वजह है कि नैतिक आधार पर मैंने पद से हटने का फैसला किया। इसके साथ ही उन्होंने चुनावी रणनीतिकार एजेंसी आई-पैक की कार्यशैली पर भी तीखा हमला बोला और उसे चुनाव में खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि आई-पैक टीम के सदस्यों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बेहद अभद्र व्यवहार किया। सांसद काकोली घोष ने एजेंसी पर भड़ास निकालते हुए कहा, 2026 के चुनावों में अभियान के प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी एक बाहरी एजेंसी आई-पैक के पास थी। हमारे विपरीत उनके पास चुनाव लड़ने का कोई व्यावहारिक अनुभव नहीं था, क्योंकि हमने कई चुनाव लड़े हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया, उनकी काम करने की कार्यप्रणाली पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण थी और वे हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बहुत रूखा व्यवहार करते थे। उन्होंने लोगों के साथ खराब बर्ताव किया और उनका अहंकार इस हद तक बढ़ गया था कि वे हमारे साथ भी बुरा व्यवहार करने लगे। वे खुद को प्रधानमंत्री से भी बड़ी अथॉरिटी समझने लगे थे। पार्टी पदों से इस्तीफे के इस बड़े घटनाक्रम से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को एक और हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई थी। काकोली घोष दस्तीदार छह अन्य टीएमसी विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा कल्याणी में बुलाई गई प्रशासनिक समीक्षा बैठक में शामिल हुई थीं। इस बैठक में बारासात सांसद के अलावा देंगागा से टीएमसी विधायक अनिसुर रहमान विश्वास, स्वरूपनगर से बीना मोंडल, हाओड़ा से मोहम्मद अब्दुल मतीन और बशीरहाट क्षेत्र के तीन अन्य विधायक मौजूद रहे।

**'400 किमी तक बाड़बंदी कंप्लीट'.....**

जगहों पर वैकल्पिक रास्ते और जरूरी मदद का वादा किया गया है। मेघालय में यह काम दूसरे राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल या असम की तुलना में बेहतर गति से चल रहा है। वहां अभी भी बड़े-बड़े हिस्से बाकी हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि टीम वर्क और लोकल सहयोग से यह मुमकिन हुआ है। बाकी बचे 40-45 किलोमीटर में काम जल्द शुरू होने वाला है। अधिकारी लगातार लोकल नेताओं और गांव वालों से मिल रहे हैं। अगर सब ठीक रहा तो इस साल के अंत तक पूरा काम निपट सकता है।

**केरल में ईडी की कार्रवाई पर....**

रूप ले लिया, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। सीपीआई (एम) के महासचिव एमए बेबी ने इन छापों की कड़ी निंदा की और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार जांच एजेंसियों के ज़रिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। एक बयान में, पार्टी ने कहा कि इन छापों का मकसद विजयन और सीपीआई (एम) को डराना है। वहीं, ईडी की तलाशी के मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष पिनराई विजयन ने मीडिया से कहा कि काफी समय से ईडी मेरे घर पर तलाशी लेना चाहती थी। मुझे लगता है कि इस तलाशी से कुछ लोगों को खासकर राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति को बहुत संतुष्टि मिलेगी। राहुल गांधी ने प्रचार के दौरान यही सवाल पूछा था कि पिनाराई विजयन के घर पर छापा क्यों नहीं मारा जा रहा है और पिनाराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार देश में विपक्षी नेताओं पर हमेशा से जानबूझकर हमले करती रही है। इसके खिलाफ पूरे देश में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। विजयन ने कहा कि कांग्रेस का रुख यह है कि उनकी अपनी पार्टी को छोड़कर बाकी पार्टियों के खिलाफ ईडी की दखलंदाजी जारी रहनी चाहिए। इनमें से कोई भी चीज हमें खत्म नहीं कर पाएगी। हम इसे सिर्फ एक शुरुआत के तौर पर देखते हैं। किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि ऐसे कदमों से हमारा नामोनिशान मिटाया जा सकता है। यहां स्थानीय लोगों और पार्टी के साथियों की भावनाएं जाहिर हुईं। जब भी दुश्मनों ने मुझ पर हमला करने की तैयारी की, तो मुझे पार्टी का मजबूत साथ मिला। आज साथियों ने यह साबित कर दिया है कि उस साथ में कोई कमी नहीं आई है और यही हमारी ताकत है। हम सब मिलकर किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

**गुजरात के कच्छ से 1180 करोड़ की....**

के बाद कोस्टगार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्चिंग के लिए जहाज भेजा था। कोस्टगार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्कर ड्रग्स के पैकेट्स समुद्र में फेंककर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले थे।

# सरपंच पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी के बयान की जांच कर, दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई एवं अपनी सुरक्षा को लेकर लामबंद हुए सरपंच संघ के साथीगण, एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

डोंगरगढ़(दावा)। सुशासन तिहार के दौरान ग्राम पंचायत पालंदुर के सरपंच पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी द्वारा पुलिस के समक्ष दो अलग-अलग बयान दिए गए थे। जिसकी जांच की मांग को लेकर डोंगरगढ़ सरपंच संघ के बैनर तले संघ के पदाधिकारी एवं अनेक सरपंच साथियों ने एसडीएम एम भार्गव (आई ए एस)को ज्ञापन सौंपा कर आरोपी के विरुद्ध शीघ्रता शीघ्र कार्रवाई करने की की गई है। ज्ञापन में सरपंचों ने कहा है कि स्थानीय प्रशासन आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर सरपंच संघ को जानकारी उपलब्ध कराई जाए। कार्रवाई नहीं होने की दशा में आगामी सुशासन तिहार के दौरान क्षेत्र के सरपंच प्रशासन को सहयोग नहीं करेंगे।

सुशासन तिहार के दौरान प्रशासन की उपस्थिति में मंच पर आसीन सरपंच के ऊपर प्राण घातक हमला की घटना से विकासखंड के सरपंचों में भारी आक्रोश के साथ-साथ दहशत व्याप्त है। अधिकांश सरपंच वनांचल क्षेत्र में निवास करते आ रहे हैं ऐसे में सरपंच अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई तो की गई किंतु आरोपी द्वारा दो अलग-अलग बयान देने की बात सामने आने के बाद सरपंच संघ के साथी चाहते हैं कि, आरोपी के बयान की निष्पक्ष जांच की जाए। आरोपी ने सरपंच पर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था जबकि ग्रामीणों को कहना है कि, सरपंच की पत्नी विगत चार माह से गांव में निवासरत नहीं है। इसके अलावा मोहारा पुलिस चौकी पर प्रभारी को दिए गए बयान में आरोपी ने जिला कलेक्टर पर हमला करने की बात कही थी। इन दोनों ही बयान की जांच होने पर सच्चाई सामने आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### ग्रामीणों के साथ किए गए फर्जीवाड़ा की जांच की मांग

ग्राम पंचायत प्लान्दुर की घटना के अलावा ग्राम पंचायत छिपा के पूर्व सरपंच द्वारा वर्तमान सरपंच के पद का दुरुपयोग कर ग्रामीणों के साथ फर्जीवाड़ा किए जाने की शिकायत पुलिस में की गई थी। शीघ्रताशीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर छिपा के वर्तमान सरपंच द्वारा आशंका जताई गई है कि, निष्पक्ष जांच एवं आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस करेंगे।

## ईव्हीएम का एफएलसी 29 एवं एसडीपीसी 30 मई को

राजनांदगांव(दावा)। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारी हेतु जिले में उपलब्ध ईव्हीएम का एफएलसी 29 मई 2026 को एवं एसडीपीसी 30 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला कार्यालय राजनांदगांव स्थित ईव्हीएम गोडाउन में इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी एवं एसडीपीसी कार्य में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया गया है।

# डोकराभाठा में शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्यक्रम में पहुँचे विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत डोकराभाठा में शिव मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही विक्रांत सिंह का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि, शिव मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति का केंद्र है। उन्होंने कहा कि, मंदिरों का जीर्णोद्धार समाज की एकजुटता और श्रद्धा का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह ने यह भी कहा कि, भाजपा सरकार सदैव ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली, जिस पर महिलाओं ने बताया कि उन्हें इस योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि उनके खाते में प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने श्री सिंह से गांव के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नागेश बने जिलाध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन से छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ने एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रमाशंकर श्रीवास्तव, से विचार विमर्श कर नागेश कुमार श्रीवास्तव राजनंदगांव छत्तीसगढ़ निवासी, जिला अध्यक्ष राजनांदगांव का मनोनीत किया है नागेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार हैं समाज सेवा कार्य जुड़े हुए हैं।

# गिरते भू-जल स्तर को सुधारने, वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा




हरदी(दावा)। गिरते भू-जल स्तर को सुधारने, वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने तथा बढ़ते तापमान और प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के तत्वावधान में इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक तथा व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने ग्राम टटेंगा, भरदा, कसही तथा रानीतरई (रोड) में विभिन्न जगहों पर स्थानीय नागरिकों के जन भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद वृक्षारोपण व वर्षा जल संग्रहण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम भ्रमण कर नागरिकों से चर्चा की साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि, यदि आज हम सचेत नहीं हुए तो भविष्य में भी इसी प्रकार भीषण गर्मी तथा पानी की किल्लत बढ़ती जाएगी और हमारे आने वाली पीढियों को इसका सामना करना पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार की सुरक्षा हेतु वृहद पौधारोपण तथा जल संचयन का शपथ लेना आवश्यक है। व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने कहा कि, यह सब काम हम सबको मिलकर जनभागीदारी से करना है। केवल पौधारोपण ही नहीं उन पौधों को बचाना भी है।

शाला विकास समिति के सदस्य रिखी राम साहू ने उपस्थित सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि, जीवन के विशेष अवसरों पर पौधारोपण कर उसकी रक्षा करें। इस अवसर पर ग्राम के रफीक खान, शगुन राम सिन्हा, कुंदन यादव, धनीराम साहू, ईश्वर देवांगन, लीलाधर, लीलेश्वरी देवांगन, पुष्पा सुधाकर, त्रिवेणी, तीजन, डीलेश्वरी साहू, चंद्रिका बाई साहू, फुलकेना निषाद के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# कमला महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें मुरली साहू बीए चतुर्थ सेमेस्टर, नेहा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, मनी बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, रवीना बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर, गीतांजलि बीए द्वितीय सेमेस्टर इत्यादियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम मनी बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय नेहा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर तथा तृतीय मुरली बीए चतुर्थ सेमेस्टर ने स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात तामेश्वर साहू जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में उपस्थित बक्शी जी के नाती गजेंद्र बख्शी ने अपने दादाजी के महत्वपूर्ण रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए, कहा बख्शी जी सरल स्वभाव एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे उनकी रचनाओं में नई सोच के साथ अच्छे कार्य करने का संकल्प मिलता है। वे गुरु के भांति रचनाओं का सृजन कर नया संदेश देती थी, इसीलिए सभी जनमानस उन्हें मास्टर के नाम से पुकारा करते थे।



इसी कड़ी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कृष्ण कुमार द्विवेदी वरिष्ठ प्राध्यापक कमला देवी राठी महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा बख्शी जी के जीवन इतिहास और साहित्य के रचनाओं पर विस्तार से प्रकार डालते हुए कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है, जिसमें लोगों का प्रतिबिंब छुपा हुआ होता है इस प्रतिबिंब को महान साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से उकेर कर साहित्य सृजन की अमित छाप को छोड़ देता है। इसी में बख्शी जी ने झलमला, कारी और क्या लिखूं जैसे साहित्य आम जिंदगी की रेखा को प्रस्तुत किया है जो कारी नामक रचना से प्रभावित होकर रामचंद्र देशमुख ने भी इस रचना पर कार्य किया। इस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण बनकर उसका प्रतिबिंब लोगों में झलकता है और समाज देश में विस्तृत हो जाता है, इसीलिए साहित्यकारों की रचनाओं पर अध्ययन करना चाहिए अंतिम कड़ी में प्राचार्य द्वारा बख्शी जी के साहित्य को अनमोल रतन कहते हुए उनके रचनाओं पर शोध अनुसंधान करने की बातें कहकर छात्रों को डायरी लेखन हेतु प्रेरित किया तथा अपने जीवन काल में साहित्य में रुचि रखकर साहित्यिक रचनाओं में अपना योगदान देने की बात कहीं जिससे साहित्यिक धरोहर की रंगमंच का लोकार्पण होता है। इस अवसर पर कला, वाणिज्य और विज्ञान के समक्ष छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा अतिथि व्याख्याता में श्रीमती डॉ. संजू सिंह, श्रीमती डॉ. काव्य जैन, श्रीमती डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, चांदनी पराते, संध्या गावरे, योगिता ठाकुर, ज्ञानेश्वर देवांगन, मनोज प्रधान, चानूराम साहू इत्यादि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे तथा आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग शिक्षिका कु.शुभि जैन द्वारा किया गया।

# घुमका में कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान को मिल रहा भरपूर समर्थन - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत घुमका चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन लगातार जनसंपर्क अभियान में सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 9 में वार्ड पार्षद प्रत्याशी श्रीमती उषा वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती फुलमती वर्मा के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क एवं चुनावी दौरा किया गया।



इस दौरान छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव, वार्ड प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों, वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों एवं युवाओं से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

विष्णु लोधी ने कहा कि, कांग्रेस सदैव जनहित, विकास और सामाजिक समरसता की राजनीति करती आई है। घुमका नगर पंचायत में भी कांग्रेस विकास, पारदर्शिता और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा कि जनता का अपार स्नेह, विश्वास और समर्थन यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि नगर की जनता विकास एवं जनसेवा की सोच के साथ खड़ी है। जनसंपर्क अभियान के दौरान वार्ड प्रभारी विष्णु लोधी के कांग्रेस के धीरज मेश्राम जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, जिला महामंत्री चंद्रेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष पप्पू वर्मा, पीयूष दुबे, राकेश वर्मा, अधिवक्ता लिलाम्बर वर्मा आदि महिला पुरुष साथ में रहे।

# नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत, अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशियों ने तेज किया जनसंपर्क अभियान



राजनांदगांव (दावा)। नगर पंचायत घुमका के चुनावी माहौल में अब राजनीतिक गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद सहित सभी वार्डों के पार्षद पदों पर अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान को और अधिक गति प्रदान कर दी है। कांग्रेस के नेता लगातार बैठकें कर चुनावी रणनीति तैयार करने और संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, वार्ड प्रभारी चुम्मन साहू एवं जितेंद्र सिंह भाटिया द्वारा कांग्रेस प्रत्याशियों और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान तथा वार्ड स्तर पर संगठन की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने का आह्वान किया गया। बैठक के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फुलमती वर्मा एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के साथ व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क किया और उन्हें पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में जीत का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है और नगर के विकास के लिए पार्टी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान किया।

वहीं वार्ड प्रभारी चुम्मन साहू और जितेंद्र सिंह भाटिया भी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। दोनों नेताओं ने वार्डों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं और मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और नगर के समग्र विकास को नई दिशा देना है।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फुलमती वर्मा ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन और स्नेह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों का आशीर्वाद, युवाओं का उत्साह और वरिष्ठजनों का विश्वास यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि घुमका की जनता विकास, जनसेवा और कांग्रेस की जनहितकारी सोच के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त होगा और नगर के विकास की नई शुरुआत होगी। चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता भी जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं और पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

# अटल आवास में जल्द होगी पानी की समस्या दूर, नपा अध्यक्ष रमन ने किया निरीक्षण



डोंगरगढ़(दावा)। नगर के वार्ड नंबर 1 स्थित अटल आवास में भीषण गर्मी के चलते लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसकी सूचना नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे को मिलते ही उन्होंने मौके स्थल पर पहुंचकर उक्त समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक जानकारियां ली। उन्होंने यहां के निवासियों को आश्वस्त किया कि, जल्द ही अटल आवास में पानी की समस्या दूर होने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

ज्ञात हो कि अटल आवास में दो बोरवेल्स स्थित है जिसमें एक बोरवेल्स खराब होने के कारण यहां के रहवासियों को केवल एक बोर से ही पेयजल एवं निस्तार हेतु पानी उपलब्ध हो रहा है। दोनो बोर के खराब होने से लोगों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता है। उक्त समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मंगलवार तड़के सुबह अटल आवास में पहुंचकर जल शाखा का प्रभारी नितिन बक्शी को आवास में बंद पड़े बोरवेल्स को जल्द सुधार करके लोगों को सुविधा देने दिशा निर्देश दिए हैं। नपा अध्यक्ष को निरीक्षण के दौरान का यहां के वार्ड वासियों ने बताया कि, आवास में कई ऐसे अपात्र लोग रहने लगे हैं जो कि अपने-अपने घरों में पाइप लाइन जोड़कर बोर से 2 से 3 घंटे शाम सुबह पानी ले रहे, जिसके कारण अन्य लोगों को पेयजल की समस्या होने लगी है। अध्यक्ष के सामने उक्त समस्या आने पर उन्होंने सख्त तौर कहा कि जल्द ही नगर पालिका की टीम द्वारा अटल आवास का निरीक्षण करके अपात्र लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभापति डिकेश राव, हरीश मोटघरे, पार्षद शारदा यादव, अनुज मोर्चा जिला महामंत्री रूपेंद्र इंदुरकर सहित न.पा. जल शाखा प्रभारी नितिन बक्शी, स्वच्छता प्रभारी अमर करसे, विनोद करसे सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार शिविर में स्वास्थ्य जांच और नि:शुल्क उपचार से नयन बाई को मिली राहत



राजनांदगांव(दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 रेवाडीह वार्ड में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आम नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर से रेवाडीह वार्ड की निवासी नयन बाई को समय पर उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हुई।

नयन बाई ने बताया कि, शिविर में उनकी रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। जांच के बाद उन्हें नि:शुल्क दवाई भी दी गई। उन्होंने कहा कि, पहले उन्हें इस तरह की सुविधाओं की जानकारी नहीं थी, लेकिन शिविर लगने से घर के पास ही स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधा आसानी से मिल गई। उन्होंने बताया कि, बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य जांच, डॉक्टर से परामर्श और दवाई मिलने से उन्हें काफी राहत महसूस हुई। नयन बाई ने कहा कि, इस प्रकार के शिविर जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी हैं, विशेषकर उन लोगों के लिए जो समय या आर्थिक कारणों से अस्पताल नहीं जा पाते। उन्होंने शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों तक जरूरी सेवाएं पहुंच रही हैं, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

# प्रशिक्षण से मजबूत होगा संगठन- सांसद रूप कुमारी चौधरी



कार्यकर्ताओं के बल पर चलती है भाजपा -सांसद रूप कुमारी चौधरी

खैरागढ़ (दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ प्रशिक्षण प्रभारी अजय राव, केसीजी जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी संगठनात्मक पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के आधार पर चलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी रीति-नीति, विचारधारा और कार्यपद्धति से भली-भांति परिचित होना चाहिए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी रखना भी आवश्यक है, ताकि आम जनता तक इन योजनाओं का लाभ सही ढंग से पहुंचाया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि, इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी मिलती है। इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और वे अधिक प्रभावी ढंग से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता प्रशिक्षण एवं जनसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत होते हैं और ऐसे आयोजनों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलती है।।

ज्ञात हो कि, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिवसीय था, जिसमें दूसरे दिन भी छह अलग-अलग वर्गों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों की गहन समझ प्राप्त हुई।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, आयश सिंह, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र जैन, श्यामपाल ताम्रकार, टी.के. चंदेल, आनंद सिन्हा, चंदन गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, देवीन बाई कोठले, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, दिनेश वर्मा, राजकुमार जंघेल, खम्हन ताम्रकार, ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल, ललित सोनी, शत्रुघ्न साहू, गोरेलाल वर्मा,प्रकाश सिंह, डॉ. चंदू वर्मा, अवध वर्मा, जंत्री साहू, अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनेगी आज नगर में बकरीद

## प्रेम, त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा आज. परम्परागत श्रद्धा से मनाया जायेगा

**राजनांदगांव(दावा)।** ईश्वर के प्रति अद्वितीय प्रेम, समर्पण एवं त्याग की भावना का प्रतीक मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा, जिसे ईदुज्जुहा या बकरीद भी कहते है, आज नगर में परम्परागत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगी । शहर के सभी मस्जिदो के मुतवल्ली साहबान द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार खराब मौसम के कारण ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज मठपारा स्थित ईदगाह में प्रातः 8.00 बजे अदा की जायेगी, जहां जामा मस्जिद के पेश ईमाम नमाज के पूर्व ईदुज्जुहा पर्व की पृष्ठभूमि, विशेषता एवं महत्व पर प्रकाश डालेंगे। नमाज के पश्चात् शहर एवं मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगी जाएगी। शहर के मुस्लिम धर्मावलंबी अपने-अपने मोहल्लों के पास स्थित मस्जिदों में इकट्ठा होकर ईद की सामूहिक नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश करेंगे।



वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी हाजी हलीम बख्श गाजी ने बताया कि एकेश्वरवाद ईस्लाम का सर्वप्रथम सिद्धांत है । ईश्वर अल्लाह एक है। अल्लाह ही सर्वशक्तिमान है और उसकी इच्छा से ही सारी सृष्टि की व्यवस्था चलती है। अल्लाह द्वारा भेजे गये सबसे पहले पैगम्बर हजरत आदम अलैहिस्सलाम थे।

अंतिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) से पूर्व अरब से की धरती पर पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने जन्म लिया, जिन्होंने अरब की जनता की तन-मनधन से सेवा की तथा अरब की जनता से कहा कि अल्लाह एक है, अल्लाह की उपासना करों । एकेश्वरवाद की शिक्षा के अग्रदूत हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम थे । यह पर्व इनके ईश्वरीय मार्ग पर त्याग, बलिदान और समर्पण का प्रतीक है। ईद-उल-अजहा का पर्व हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की उस बेमिशाल ईसार और कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। उन्होंने ही मक्का में काबे शरीफ की नींव रखी। इस अवसर पर दनिया भर के मुसलमान पवित्र मक्का पहुंचकर खान-ए-काबा का तवाफ करते है और इस्लाम धर्म के पांचवे स्तंभ हज का फर्ज अदा करते है।)

मुसलमानों के पवित्र त्यौहार ईदुल फितर के पश्चात् ईदुज्जुहा, या ईद-उल-अजहा या जिसे बकरीद भी कहा जाता है, मनाया जाता है । यह पर्व सारे विश्व मैं पारस्परिक श्रद्धा से मनाया जाता है, ओर मुस्लिम भाई इस दिन अपने घरों में कुर्बानी की रस्म अदा कर अपना ईमान ताजा करते है।

ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर शहर की सभी मस्जिदों के मुतवल्ली साहेबान के साथ ही समाजसेवी बहादुर अली, सुल्तान अली, हाजी रईस अहमद शकील, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, पूर्व राज्यमंत्री अकरम कुरैशी, समाजसेवी एवं अधिवक्ता हाजी हलीम बख्श गाजी, प्रदेश इंका महामंत्री शाहिद भाई, आसिफ अली, रज्जाक बड़गुजर, डा. आफताब आलम, जलालुद्दीन निर्वाण, जावेद अंसारी, यंग मुस्लिम कमेटी के हाजी मो. फारूख, जनाब अय्यूब भाई, मो. सईद खान, रहीम मेमन वकील आदि ने भी सभी मुस्लिम भाइयों एवं नगर वासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश करते हुये यह त्यौहार सौहाद्रपूर्ण ढंग से पारंपरिक रूप से भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।

# परिवहन विभाग के नियमों की आड़ में खेल : जबरन रेडियम और बारकोड लगाने का दबाव, वाहन मालिक परेशान



फाईल फोटो

**राजनांदगांव (दावा)।** परिवहन विभाग के नियमों की आड़ में शहर और आसपास के क्षेत्रों में वाहन मालिकों को जबरन रेडियम पट्टी और बारकोड लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। फिटनेस और अन्य विभागीय कार्यों के नाम पर दी जा रही इस अनावश्यक दबिश से स्थानीय वाहन मालिक और चालक बेहद परेशान हैं। वाहन मालिकों का आरोप है कि नियमों का हवाला देकर उनसे मनमानी राशि वसूली जा रही है और ऐसा न करने पर काम रोकने की धमकी दी जाती है।

### वाहन मालिकों की मुख्य शिकायतें

- **बाजार से दोगुनी कीमत – निर्धारित वेंडरों द्वारा रेडियम और बारकोड के नाम पर अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है।**
- **काम रोकने की धमकी– दबाव न मानने पर वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट रोकने या प्रक्रिया को अटकाने का डर दिखाया जाता है।**
- **विकल्प का अभाव – वाहन मालिकों को अपनी मर्जी या खुले बाजार से मानक सामग्री खरीदने की अनुमति नहीं दी जा रही है।**

### फिटनेस के नाम पर मनमानी का आरोप

वाहन मालिकों का कहना है कि जब वे अपने कमर्शियल या मालवाहक वाहनों के फिटनेस और दस्तावेज संबंधी कार्यों के लिए पहुंचते हैं, तो उन पर एक विशेष वेंडर से ही रेडियम पट्टी और क्यूआर बारकोड लगवाने का दबाव बनाया जाता है। बाजार दर से कहीं अधिक कीमतों पर यह सामग्री थमाई जा रही है। वाहन चालकों का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से रेडियम लगाना सही है, लेकिन इसकी आड़ में जिस तरह का एकाधिकार और दबाव बनाया जा रहा है, वह पूरी तरह से गलत है।

### क्रिक रिस्पांस और पारदर्शिता का अभाव

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव है। वाहन मालिकों को बिना किसी उचित रसीद या आधिकारिक दिशा-निर्देश के सीधे तौर पर मजबूर किया जाता है। यदि कोई वाहन मालिक पहले से ही मानक स्तर का रेडियम लगाकर आता है, तो भी उसे अमान्य बताकर नया बारकोड और रेडियम लेने पर विवश किया जाता है। इससे न केवल उनके समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।

### वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग

इस अव्यवस्था और जबरन बनाए जा रहे दबाव को लेकर स्थानीय ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों में भारी आक्रोश है। पीड़ित वाहन मालिकों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस पूरे खेल की जांच की जानी चाहिए ताकि नियमों के नाम पर हो रही इस मनमानी और चालकों के मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न पर रोक लग सके।

# दुकानों का किराया जमा नहीं करने पर तालाबंद कर सील करने की कार्रवाई की गई

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में आबंटित दुकानों का वर्षो से लंबित किराया जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। जीवनदीप समिति के निर्णय के अनुसार बकाया किराया जमा नहीं करने पर दुकानों को सील करने एवं आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम व पोष्ट कुथरेल जिला दुर्ग निवासी श्रीमती ममता चन्द्राकर को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में आबंटित उत्तरमुखी दुकान क्रमांक-8 को तालाबंद कर सील किया गया। संबंधित दुकान का माह जुलाई 2015 से किराया बकाया था। कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय राजनांदगांव द्वारा किराया राशि जमा करने हेतु अंतिम स्मरण नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि तक 1 लाख 80 हजार 759 रूपए की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर पंचनामा कर दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई। परिसर में संचालित अन्य दुकानदारों को भी निर्धारित समयसीमा में बकाया किराया जमा करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा में बकाया किराया राशि जमा नहीं करने वाले अन्य दुकानदारों के विरूद्ध भी नियमानुसार सीलिंग एवं आबंटन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही में तहसीलदार प्यारेलाल नाग, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक अविन चौधरी, स्टीवर्ड सुरेश कुमार मंडलोई सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।



# भाजपा संचालन समिति घुमका में क्रियाशील हुई

### बड़े नेताओं की सभाओं का दौर शुरू हुआ

**घुमका (दावा)।** नगर पंचायत चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव के नेतृत्व में भाजपा चुनाव संचालन समिति क्रियाशील हो चुकी है। पहले दौर मे 15 भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के साथ घर-घर संपर्क का अभियान पूर्ण हो चुका है, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा की रैलियां निकल चुकी है। और अंतिम क्रम में वरिष्ठ नेताओं की सभाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा मिडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संचालन समिति मे सांसद संतोष पांडे, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला प्रभारी जितेंद्र वर्मा, विधानसभा प्रभारी डोगरगढ़ जितेंद्र साहू, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, जिला उपाध्यक्ष किरण बारले, घुमका मंडल प्रभारी अमर लालवानी, मंडल सह प्रभारी मूलचंद भंसाली, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, केशव जंघेल, को नगर पंचायत घुमका हेतु संचालन समिति में महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है।

# भाजपा कार्यालय में सामूहिक इस्तीफा देने पहुंचे ग्राम दीवानझिटिया के ग्रामीण

### सरपंच और सचिव द्वारा फर्जी एनओसी जारी कर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई किए जाने से आहत हैं ग्रामवासी

**राजनांदगांव (दावा)।** ग्राम पंचायत दीवान झिटिया में सरपंच और सचिव की मिली भगत द्वारा फर्जी एन ओसी जारी कर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई किए जाने व कृषि भूमि के अवैध डायवर्सन से आहत ग्राम वासियों ने जिला भाजपा कार्यालय में धावा बोलकर सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया है। ग्राम दीवान झिटिया के कोमल कुमार, मुकेश कुमार, लोकेश सिन्हा, हिमांचल, लक्ष्मी नारायण, पुष्पा बाई, मोनिका,पुसऊ राम, राजेश कुमार, रोशनी,नंदा , रेखाबाई, तिलक कुमार, रेणुका, महेश्वरी बाई सहित लगभग 75 लोगों ने सामूहिक इस्तीफा पत्र में दस्तखत करते हुए अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी से इसे स्वीकार करने की मांग की है।



### सोलर प्लांट के लिए काटे जा रहे भरे पेड़

बताया जाता है कि ग्राम दीवान झिटिया में सोलर प्लांट स्थापित होने वाला है। उक्त प्लांट के रुप जमीन मुहैया कराने सरपंच और सचिव द्वारा फर्जी एन ओसी जारी कर सैकड़ों हरे -भरे पेड़ों को कटवा दिया है। साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि को गैर उपजाऊ कृषि भूमि बताते हैं इसका डायवर्सन करा दिया गया है। सरपंच और सचिव की इस मनमानी से आहत उपरोक्त ग्राम वासियों को उक्त इस्तीफा देने जैसे कदम इसलिए उठाने को बाध्य होना पड़ा क्योंकि ग्राम के सरपंच और सचिव की कारस्तानी के संबंध में कलेक्टर सहित सांसद संतोष पाण्डे, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को शिकायती पत्र दिया गया है। इससे बाद भी किसी बड़े नेता द्वारा उक्त सरपंच सचिव पर कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम वासियों का आरोप है कि एक तरफ प्रशासन व भाजपा के लोग पर्यावरण संरक्षण और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर स्थानीय तर पर गांवों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। उपजाऊ कृषि भूमि को नियम विरुद्ध गैर कृषि भूमि साबित कर डायवर्सन में बदल दिया जा रहा है। ऐसे गंभीर अपराध पर कार्रवाई नहीं होने से आहत होकर तथा बाध्य होकर दीवान झिटिया वाले ग्राम वासी सामूहिक रूप से भाजपा से इस्तीफा देने विवश हुए हैं।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ का किया औचक निरीक्षण

### पुराने हास्पिटल के बीएमओ कार्यालय का अछोली स्थित नए कार्यालय में शिफ्ट करने के निर्देश

### ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर हास्पिटल में मरीजों के लिए कूलर एवं पंखे की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव (दावा)।** संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़, प्रस्तावित परिक्रमा पथ तथा माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ ट्रस्ट पार्किंग स्थल का औचक निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने पुराने हास्पिटल के बीएमओ कार्यालय को अछोली स्थित नए कार्यालय में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर हास्पिटल में मरीजों के लिए कूलर एवं पंखे की व्यवस्था करने के लिए कहा। नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे मशीन शिफ्ट करने के लिए कहा। संभागायुक्त ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पेयजल, ओआरएस की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने प्रस्तावित परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ ट्रस्ट पार्किंग स्थल का जायजा लिया तथा वहां मल्टी पार्किंग के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मल्टी पार्किंग की व्यवस्था होने से वाहनों को व्यवस्थित रखने में सुविधा होगी।

### वॉक इन के माध्यम से स्त्रीरोग विशेषज्ञ के 1 पद पर संविदा भर्ती हेतु 2 जून तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव(दावा)।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर स्त्रीरोग विशेषज्ञ के 1 पद की संविदा भर्ती वॉक इन के माध्यम से किया जाएगा। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक 2 जून 2026 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव (गुरूद्वारा के सामने) आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप राजनांदगांव जिले की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।





















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com